हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


एमओयू साइन होने से पहले उत्साहित दिखे दोनों नेता

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को शाम साढ़े 6 बजे नई दिल्ली पहुंचे थे*

*दूसरे दिन शुक्रवार को देर शाम पुतिन मॉस्को के लिए रवाना हो गए*

## दोनों देशों के बीच हुए 7 नए समझौते

## रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देगा भारत

### भारत आए पुतिन ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश पूरी मजबूती के साथ खड़े है

# ‘ध्रुव तारे’ की तरह अटल ‘भारत-रूस’ की दोस्ती

### *यूक्रेन मुद्दे पर भारत हमेशा से शांति का पक्षधरः पीएम मोदी*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'यूक्रेन मुद्दे पर भारत शुरू से ही शांति का पक्षधर रहा है। हम इस मसले के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए की जा रही हर कोशिश का स्वागत करते हैं। भारत हमेशा अपना योगदान देने के लिए तैयार रहा है और आगे भी तैयार रहेगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के महाशक्तिशाली देश रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय यात्रा पर भारत आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी आवभगत की और प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले 8 दशकों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को कई तरह की चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह हमेशा अटल और स्थिर बनी रही है। मोदी ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देने का ऐलान किया।

वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बिना रुकावट के तेल की सप्लाई जारी रखने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदे का ऐलान नहीं हुआ, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी। इसके बावजूद कई अहम घोषणाएं हुईं, जिनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए। पीएम मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी साझा बयान में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और रूस पूरी मजबूती से एकजुट हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा

- भारत-रूस के आर्थिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे
- रूस भारत के लिए ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करेगा
- भारत की स्वतंत्र नीति की जमकर की प्रशंसा
- व्यापार लक्ष्य और संतुलन पर भारत का बड़ा विजन
- रक्षा और तकनीकी सहयोग दोनों देश तेजी से आगे बढ़ा रहे


संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते पुतिन और मोदी

### हम सिर्फ तेल पर बात करने नहीं आए हैंः पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इंडिया-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं।


### पीएम मोदी ने कहा

- भारत-रूस व्यापार मंच से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी
- कृषि और उर्वरक के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण
- भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर
- ऊर्जा सुरक्षा भारत-रूस साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ
- यूक्रेन मसले पर भारत शुरुआत से ही शांति के पक्ष में

### पीएम मोदी ने जताया आभार

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और रूस के 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे द्विपक्षीय संबंध कई ऐतिहासिक मील के पत्थरों से गुजर रहे हैं। ठीक 25 वर्ष पहले राष्ट्रपति पुतिन ने हमारी रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी थी। वर्ष 2010 में इस साझेदारी को ‘विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी’ का दर्जा मिला। पिछले ढाई दशकों में उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने इन संबंधों को लगातार मजबूत किया है। भारत के प्रति उनकी गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं।

### भारत-रूस की मित्रता स्थिर और प्रगाढ़



पीएम मोदी ने कहा कि मानवता कई चुनौतियों और संकटों से गुज़री है, लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की मित्रता स्थिर और प्रगाढ़ है। परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर आधारित यह संबंध समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। हमने इस मजबूत नींव पर सहयोग को और व्यापक बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा की है। पीएम मोदी ने बताया कि आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना दोनों देशों की प्राथमिकता है। इसी दिशा में 2030 तक के लिए ‘इकोनॉमिक कोऑपरेशन प्रोग्राम’ पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस व्यापार मंच से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी और इससे निर्यात, सह-उत्पादन और सह-नवाचार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ एफटीए को जल्द अंतिम रूप देने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

## भारत-रूस के बीच हुए समझौते

### ऊर्जा सहयोग

रूस ने भरोसा दिलाया कि वह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए लगातार और बिना रुकावट ईंधन की सप्लाई करता रहेगा

### औद्योगिक साझेदारी

भारतीय कंपनियों ने रूस के साथ एक यूरिया प्लांट रूस में ही स्थापित करने का समझौता किया

### फूड सेफ्टी

भारत की एफएसएसएआई और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी के बीच खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने के लिए औपचारिक समझौते हुए

### हेल्थकेयर सहयोग

मेडिकल रिसर्च और हेल्थ सर्विस में सहयोग बढ़ाने के लिए कई एमओयू साइन किए गए

### समुद्री लॉजिस्टिक्स

बंदरगाह और शिपिंग ऑपरेशन में भारत-रूस के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

### माइग्रेशन और मोबिलिटी

दोनों देशों ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने और माइग्रेशन प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए समझौते किए

### श्रमिक हित

अस्थायी श्रमिक गतिविधियों के संबंध में भी एक समझौता किया गया है

### भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर, कौशल विकास को देंगे बढ़ावा

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि यूरिया उत्पादन को लेकर दोनों पक्ष मिलकर प्रयास कर रहे हैं। बताया कि भारत के नाविकों की पोलर वॉटर में ट्रेनिंग के लिए सहयोग बढ़ाया जाएगा। इससे आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग को नई शक्ति मिलेगी और भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। जहाज निर्माण के क्षेत्र में गहरा सहयोग ‘मेक इन इंडिया’ को और सशक्त करेगा तथा रोजगार, कौशल विकास और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देगा। ऊर्जा सुरक्षा को भारत-रूस साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दशकों पुराना सहयोग स्वच्छ ऊर्जा की साझा प्राथमिकताओं को साकार करने में अहम भूमिका निभाता रहा है। पीएम मोदी ने कहा यूक्रेन मसले पर भारत ने शुरुआत से ही शांति का पक्ष लिया है और शांतिपूर्ण, स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत करता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर उन्होंने कहा, पहलगाम में हुआ आतंकी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर किया गया आघात- इन सभी की जड़ एक ही है।







### गुना में यात्री बस पलटी एक की मौत,19 घायल

गुना। एनएच 46 पर स्थित बीनागंज क्षेत्र में शुक्रवार तड़के लखनऊ से इंदौर जा रही यात्री बस पलट गई। बस में सवार एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 19 यात्री घायल हुए हैं। एक यात्री की हालत बेहद गंभीर है, उसे उच्च उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है।

### नोएडा में अब तक का सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड


## निवेश के नाम पर 12 करोड़ ठगे, 17 करोड़ रु. और मांगे तो खुली आंखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में 12 करोड़ की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। नोएडा के सेक्टर-47 निवासी इंद्रपाल चौहान को साइबर ठगों ने निशाना बनाया। ठगों ने जब 17 करोड़ रुपयों की मांग की, तब जाकर पीड़ित को ठगे जाने का एहसास हुआ और उसने पुलिस के पास जाकर मामला दर्ज कराया।

सबसे पहले वॉट्सएप पर इंद्रपाल के पास क्यारा शर्मा नाम की प्रोफाइल से मैसेज आया। महिला ने बातचीत शुरू की फिर निवेश के लिए उकसाया। निवेश कराने के नाम पर पीड़ित को दो वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। सुंदरन एएसमी स्टे पॉजिटिव और 111 सुंदर एएमसी इनफिनाइट पॉसिबिलिटी ग्रुप के जरिए पीड़ित के साथ ठगी की गई। ग्रुप में नकली प्रॉफिट स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा दिलाया गया कि यह प्रमाणित शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है।

### महिला ने बातचीत शुरू की फिर निवेश के लिए उकसाया



### जांच में जुटी पुलिस

लगभग 12 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के मामले मे साइबर थाना पुलिस जांच में जुटी है। अकाउंट्स के डिटेल के साथ अमाउंट फ्रिज करवाने में जुटी साइबर पुलिस की अन्य टीमें भी मदद कर रही हैं।

### 50 हजार से शुरू किया निवेश

पीड़ित ने शुरू में 50 हजार रु. निवेश किया। बाद में 17 दिन में 9 ट्रांजैक्शन में कुल 11,99,50,000 रुपए ट्रांसफर किए। शुरू में प्रॉफिट से 9 लाख रुपए आसानी से निकल भी गए। इस घटना से पीड़ित का भरोसा और बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने एग्जैटो टेक्नोलॉजी लिमिटेड के आईपीओ में निवेश के नाम पर और 17 करोड़ की मांग की। तब शक हुआ कि उसके साथ बड़ा साइबर फ्रॉड हुआ है। इसके बाद एफआईआर दर्ज करवाई गई।

### हरिभूमि- आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और उनके परिजनों को दी सांत्वना

## छग के सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर पहुंचे, स्व.द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर में हरिभूमि-आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित सिंधी कॉलोनी निवास पहुंचे। यहां उन्होंने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्वर्गीय पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. हिमांशु द्विवेदी की माताजी श्रीमती रमा द्विवेदी छोटे, भाई रवि द्विवेदी और अन्य परिजनों से भी उन्होंने मुलाकात की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में ईश्वर से परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। सीएम साय ने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को अपना पारिवारिक मित्र भी बताया है। सभी वरिष्ठ जनों ने इस अवसर पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी के परिवार के ▶▶ शेष पेज 4 पर




डॉ. हिमांशु से चर्चा करते सीएम साय और रमन


परिजनों को सांत्वना देते साय और रमन

**आज प्रार्थना सभा एवं गंगा प्रसादी**

स्व. पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदीजी का 25 नवंबर को देवलोक गमन हो गया था। शनिवार को त्रियोदशी पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन शामिल होंगे।



# भोजपाल महोत्सव मेला में सागर जिले से आए कलाकारों ने लोक नृत्यों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला का मंच लगातार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हो रहा है। शुक्रवार को सागर जिले से आए कलाकारों ने लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी। दीप आशीष डांस अकादमी के साथ ही बैंड की प्रस्तुति दी गई।

शनिवार को प्रसिद्ध भजन गायक अमित धुर्वे अपनी सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे। रविवार को देश के प्रसिद्ध सूफी गजल गायक कुमार सत्यम अपनी गजलों से मंच को गुलजार करेंगे।

शाम 7 बजे मेला अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी महेंद्र नामदेव अखिलेश नगर सहित मेला टीम ने गणेश वंदना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तो हवा हूं किस तरह पहरे लगाओगे महसूस ही करोगे, मुझे छू ना पाओगे ... की प्रस्तुति आज


मेले में सागर से आए कलाकारों ने बुंदेली गायन और लोकनृत्यों की प्रस्तुति देते हुए।



भोजपाल महोत्सव मेला में शुक्रवार को सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### अमित धुर्वे के भजनों की प्रस्तुति

भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार को भजन गायक अमित धुर्वे अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। मैं तो हवा हूं किस तरह पहरे लगाओगे महसूस ही करोगे मुझे छू ना पाओगे जैसी सुमधुर भजनों से मेला मंच को गुलजार करेंगे। भजन गायक अमित धुर्वे मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर के रहने वाले आदिवासी गायक हैं। वे मां नर्मदा के किनारे बसे एक आदिवासी परिवार से आते हैं और पंडित धीरेंद्र शास्त्री (बागेश्वर धाम सरकार) के बड़े भक्त हैं। अमित धुर्वे पहले भजन मंडलियों और पूजा पंडालों आदि में भजन गाकर अपना जीवन चलाते थे।


भेल दशहरा मैदन में चल रहा भोजपाल महोत्सव मेला का ड्रोन से लिया गया विहंगम दृश्य।

### शिमला वैली में बर्फवारी का नजारा देखने पहुंच रहे लोग

*शहरवासियों को शिमला जाने की जरूरत नहीं, अब उन्हें शहर में चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में चैतन्य आर्ट द्वारा प्रस्तुत शिमला वैली का नजारा देखने को मिल रहा है। संचालक आर्टिस्ट अंजली डेहरिया ने बताया कि शिमला वैली की बर्फीली पहाड़ियों में रोमांचक सफर के साथ, वहां का वातावरण, बर्फ में पाए जाने वाले जानवरों का दीदार कर सकेंगे। इसमें स्नोमैन, पेंगविन, ध्रुवीय प्रदेशों में पाए जाने वाले पोलर बियर, रेडियर, मशरूम, सफेद शेर, खरगोश, बर्फीली गुफा, ऊंचे- ऊंचे कश्मीरी चीर के पेड़, नदी, झील, पर्वत, झरना, पवन चक्की आदि देखने को मिलेगी। साथ ही इग्लू (बर्फ का घर), डॉल्फिन, सफेद याक, सफेद तितलियां, सफेद कछुआ आदि देखने को मिल रहे हैं।*

### बुंदेली गायन लोक नृत्यों ने बांधा समां

शुक्रवार को मेला मंच पर अपनी टीम के साथ सागर से आए कलाकारों ने बुंदेली गायन और लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। इन कलाकारों की प्रस्तुति देखने और सुनने बड़ी संख्या में मेला प्रांगण में दर्शक मौजूद रहे। इन दिनों भोजपाल महोत्सव मेला अपने शबाब पर है। बीते रविवार को डेढ़ लाख से ज्यादा लोग परिवार और दोस्तों के साथ मेला देखने पहुंचे।

### सूफी नाइट में कुमार सत्यम की प्रस्तुति कल

मेला मंच पर रविवार को सूफी नाइट में देश के प्रसिद्ध सूफी गजल गायक कुमार सत्यम अपनी प्रस्तुति देंगी। गायक कुमार सत्यम भारतीय संगीत जगत के एक उभरते हुए और बहुमुखी प्रतिभा के धनी गायक हैं।

## इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने पर यात्री परेशान

# रेल यात्रियों की सख्या 25% बढ़ी, भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडिगो की फ्लाइट में पिछले चार दिनों से लगातार कैंसिलेशन व अन्य फ्लाइटों के देरी चलने की वजह से अब लोग हवाई सफर की जगह ट्रेनों में सफर करना अधिक पसंद कर रहे है। इसके चलते रेल टिकट की 25 फीसदी तक बिक्री बढ़ गई है। इसके चलते भोपाल से चलने वाली वंदे भारत, शताब्दी व भोपाल एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेन के स्लीपर, फर्स्ट-सेकंड एसी की लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है।

पिछले कुछ दिनों से इंडिगो की फ्लाइट कैसिंलेशन के चलते अब लोग जल्दी से जल्दी व समय पर अपने गतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए ट्रेन में सफर करना पंसद कर रहे है। लोगों का रुझान रेलवे की ओर बढ़ रहे हैं। खासकर लंबी दूरी की यात्रा के लिए प्रमुख ट्रेनों में बुकिंग करा रहे है। इसके चलते भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों के फर्स्ट व सेकंड एसी कोच में वेटिंग लिस्ट तेजी से बढ़ी है। वंदे भारत, राजधानी, दुरंतो व हमसफर जैसी अन्य प्रीमियम ट्रेनों में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, पटना और अहमदाबाद जाने के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। कई ट्रेनों के सेकंड एसी वेटिंग 90 तक पहुंच गई है, जबकि स्लीपर कोच में नो रूम की स्थिति देखने को मिल रही है।

- वंदे भारत, शताब्दी और भोपाल एक्सप्रेस की सीटें फुल


भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों की भीड़।

### भोपाल से प्रारंभ होने वाली प्रमुख ट्रेनों की यह स्थिति

आरकेएमपी-नई दिल्ली वंदे भारत में पिछले दिनों तक बर्थ खाली थी। लेकिन अब इस ट्रेन में 46 वेटिंग देखने को मिल रही है। इसी तरह शताब्दी एक्सप्रेस में 80 वेटिंग लिस्ट पहुंच गई। भोपाल एक्सप्रेस में 97 वेटिंग देखने मिल रही है। इसी तरह राजधानी और दुरंतो जैसी प्रीमियम ट्रेनों में लंबी वेटिंग है।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को टिकट काउंटर पर टिकट लेने वाले यात्रियों की लगी भीड़।


### भोपाल से गोरखपुर जाने वाली ट्रेनों में 15 दिसंबर तक की स्थिति

- *15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस - 92*
- *15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस - 64*
- *22538 कुशीनगर एक्सप्रेस - 78*
- *20103 एलटीटी-आजमगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस - 46*
- *19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस - 39*
- *12522 राप्तीसागर एक्सप्रेस - 57*
- *19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस - 68*

- *चालीसा महोत्सव पर भोपाल-दुर्ग एक्सप्रेस का चकरभाठा स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव*
- *रेल प्रसाशन द्वारा चालिसा महोत्सव के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए 30 एवं 31 दिसंबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चकरभाठा*
- *स्टेशन पर भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस का दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जाएगा। 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन पर सुबह 05.25 आगमन एवं 05.27 बजे प्रस्थान करेगी।*

### फ्लाइट का ऑप्शन नहीं रहा

इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन व लेटलतीफी से की समस्या देखने को मिल रही है। इसका सीधा असर अब ट्रेनों पर दिखने लगा है। भोपाल से दिल्ली-मुंबई जाने वाले यात्रियों के पास जब फ्लाइट का ऑप्शन कम हो गया, तो लोग बड़ी संख्या में ट्रेन की ओर शिफ्ट हो गए हैं। इसके चलते भोपाल से चलने व गुजरने वाली ज्यादातर ट्रेनों में टिकट की डिमांड अचानक कई गुना बढ़ गई है। तत्काल टिकट से लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग मिल रही है।

### स्टेशन पर बढ़ी यात्रियों की भीड़

ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ाने के साथ ही भोपाल, आरकेएमपी स्टेशन पर यात्रियों को भीड़ देखने को मिल रही है। इंडिगो की उड़ानों में चल रही दिक्कतों की वजह से लोग लगातार ट्रेनों की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं, जिसकी वजह से भीड़ बढ़ गई है।

### यात्री बोले...

फ्लाइट की टिकट कैंसिल करा ट्रेन से जा रहा हूं मुझे दिल्ली में एक मीटिंग में शामिल होना था,इंडिगो की उड़ानों में चल रही दिक्कत के चलते ट्रेन में टिकट बुक कराई है। अब ट्रेन से दिल्ली जा रहा हूं

**शैलेन्द्र पवार**, यात्री

महापौर मालती ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंगा नगर आवासीय परियोजना का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# निर्माणाधीन आवासों के कामों को जल्द पूरा करने संसाधन व श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंगा नगर-आराधना नगर आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन आवासों के बाकी सभी कामों को संसाधन एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास आवंटित कर दिए गए हैं उनसे तत्काल रजिस्ट्री कराने की कार्रवाई की जाए। शुक्रवार को सुबह महापौर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोटरा क्षेत्र स्थित गंगा नगर-आराधना नगर आवासीय परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचीं। परियोजना के अंतर्गत निर्मित, आवंटित एवं निर्माणाधीन आवासीय प्रकोष्ठों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की साथ ही मानचित्रों का अवलोकन भी किया।

महापौर ने कहा- आवासीय परियोजना में जिन हितग्राहियों को आवास आवंटित हैं उनकी रजिस्ट्री कराएं


प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंगा नगर-आराधना नगर आवासीय परियोजना का निरीक्षण करतीं महापौर व अन्य।

### 4 ब्लॉकों में 192 आवासों का निर्माण तेजी से चल रहा

मेयर ने गेट, सड़क, टाइल्स, लाइट एवं सीवेज संबंधी अन्य सभी शेष कार्यों की गति एवं संसाधन बढ़ाकर नियत समयावधि में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर को अधिकारियों ने बताया कि गंगा नगर, आराधना नगर आवासीय परियोजना के तहत एमआईजी 3 ब्लॉकों पर आधारित 216 आवासों का निर्माण काम पूरा हो गया है और आधिपत्य दिया जा रहा है। एलआईजी आवासों के 2 ब्लॉकों में 144 आवासों एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 4 ब्लॉकों में 192 आवासों का निर्माण तेजी से चल रहा है।





## रविवार को मंगल ग्रह धनु राशि में गोचर करने जा रहा है

# कल से 29 दिसंबर तक चार ग्रह धनु राशि में होंगे गोचर, चतुर्ग्रही योग के चलते कई राशियों के जातकों पर दिखेगा बड़ा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिसंबर महीने में कई ग्रह परिवर्तन हो रहे हैं। दिसंबर में ग्रहों के राशि परिवर्तन से चतुर्ग्रही योग का निर्माण हो रहा है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रविवार यानी 7 दिसंबर को मंगल धनु में, 16 दिसंबर को सूर्य धनु में, 20 दिसंबर को शुक्र धनु में और 29 दिसंबर को बुध धनु में गोचर करेंगे।

इस बदलाव से चतुर्ग्रही योग बन रहा है। जिसका असर कई राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रविवार को मंगल के धनु राशि में गोचर करने जा रहे है। इस बदलाव से कई राशियों के जातकों पर असर पड़ेगा।


फाइल फोटो

### धनु राशि वालों के कामकाज की होगी तारीफ

*मंगल का धनु राशि वाले जातकों के कॅरियर में अपने काम के लिए खूब सराहना मिलेगी। आपके कामकाज की तारीफ की जाएगी।*

### मेष राशि वालों पर यह पड़ेगा असर

मंगल का गोचर मेष राशि के जातकों को वाहन का सुख मिल सकता है। कारोबार करने वालों को बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं।

**मिथुन राशि के जातकों को बड़ी सफलता:** मंगल के गोचर से मिथुन राशि के जातकों के लिए करियर में बड़ी सफलता लेकर आएगा। धार्मिक यात्राओं से अच्छा लाभ मिलेगा। साथ ही कहीं तीर्थ यात्रा पर जाना हो सकता है।

### मीना राशि वालों को मिलेगा मेहनत का अच्छा फल

मीन राशि के लोगों के लिए अपनी मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। साथ ही नौकरी में बदलाव करने का मन बना रहें है तो आपको उसमें सफलता मिल सकती है।

### सिंह राशि खुशियां लेकर आएगा

सिंह राशि के लोगों के लिए सकारात्मक और खुशियों से भरा रहना वाला है। आपके घर में कोई शुभ कार्य हो सकता है।



एक एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


बेंगलुरु एयरपोर्ट में उड़ानें निरस्त होने के बाद यात्री बेहाल दिखे

## इंडिगो संकट: 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल... सरकार कराएगी जांच

# उच्च स्तरीय समिति के गठन का दिया आदेश डीजीसीए ने वापस लिया वीकली रोस्टर नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो पिछले 2 दिनों से पूरे देश में काफी ज्यादा चर्चा का विषय बनी हुई है। शुक्रवार को इंडिगो की 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई है, जिसके चलते हजारों हवाई यात्री प्रभावित हुए हैं। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने इंडिगो के ऑपरेशन में रुकावट की हाई-लेवल जांच शुरू करने का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राज्यसभा में भी उठा मुद्दा, घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा

### कैंसिल की जा रहीं फ्लाइट्स के चलते हजारों हवाई यात्री प्रभावित

#### इंडिगो के सीईओ का पहला बयान

कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को जारी वीडियो संदेश में कहा कि पिछले कुछ दिनों से विमानन कंपनी के कामकाज में दिक्कतें आ रही हैं। कंपनी का कामकाज पांच दिसंबर को सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम गंभीर ऑपरेशनल दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। इस वजह से यह संकट ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### सांसद भी परेशान, राज्यसभा में विमानन मंत्री से मांगा जवाब

इंडिगो का मुद्दा शुक्रवार को राज्यसभा में भी उठा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि एयरलाइन के बढ़ते एकाधिकार का असर आम लोगों के साथ-साथ सांसदों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई संसद सदस्य आज घर जाने और सोमवार को वापस लौटने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पटना-दिल्ली के बीच टिकट 60 हजार रुपए के पार पहुंचा

इंडिगो के परिचालन संकट ने हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया है। घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा हो गया है।सामान्य दिनों में 6 से 8 हजार रुपए में मिलने वाले टिकट अब 50 से 60 हजार रुपए तक पहुंच गए।

#### इंडिगो ने यात्रियों से मांगी माफी, कैंसिलेशन पर पूरा रिफंड का दावा

कंपनी ने कहा कैंसिल हुई उड़ानों का किराया अपने आप मूल पेमेंट मोड में रिफंड किया जाएगा। 5 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच की बुकिंग पर कैंसिलेशन औररी-शेड्यूलिंग पूरी तरह मुफ्त होगी। अंत में कंपनी ने एक बार फिर सभी यात्रियों से हार्दिक क्षमा मांगी।

#### एयरपोर्ट पर बिखरी व्यवस्था-बिफरे यात्री

हजारों लोग एयरपोर्ट पर ही जुटे रहे। अपनी मंजिल तक जाने के लिए हवाई अड्डे पर आए यात्री वहीं रुकने को मजबूर दिखे। केरल के तिरुवनंतपुरम और बेंगलुरु एयरपोर्ट में सुरक्षाकर्मियों और स्टाफ से बहस करते दिखे। कुछ ऐसा ही हाल हैदराबाद एयरपोर्ट पर भी दिखा, जहां गुरुवार को हालात बेहद खराब रहे। कुछ यात्री गुस्से में एयरलाइन के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

---

## खबर संक्षेप

### स्कूल में बच्चों को मारने वाली टीचर सस्पेंड


**सीहोर।** एक टीचर ने 6वीं की 8 छात्राओं को डंडे से पीटा। छात्राएं लिख नहीं रही थीं, इसके बाद



टीचर ने उनकी पिटाई की। इससे उनके हाथों में चोट आ गई, हाथ सूज गए। एक छात्रा बेहोश हो गई थी। घटना आष्टा तहसील के कोठरी गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार की है। घटना से जुड़ा वीडियो शुक्रवार को सामने आया। मामला सामने आने के बाद टीचर कीर्ति शाक्य को डीईओ संजय सिंह तोमर ने सस्पेंड कर दिया है।

### सागर में काले हिरण का किया शिकार

**सागर।** जिले के राहतगढ़ के जंगल में काले हिरण के शिकार का मामला सामने आया है। वन



विभाग की टीम ने गुरुवार देर रात तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से काले हिरण का मांस, खाल, सागौन की लकड़ी और 22 बोर की राइफल समेत कारतूस जब्त किए गए हैं। टीम ने बेरखेड़ी बीट के टेहरा-टेहरी में दो कारों की नाकाबंदी की। रात 3 बजे दोनों कारों को जंगल से निकलते ही रोक लिया।

### शादी टलने के बाद स्मृति मंधाना की पहली पोस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना म्यूजिक कम्पोजर पलाश



मुच्छल से शादी टलने के बाद पहली बार सोशल मीडिया पर नजर आईं। उनकी पहली इंस्टाग्राम पोस्ट लंबे समय बाद आई है। इससे पहले उन्होंने पलाश के प्रपोज करने और हल्दी मेंहदी के सभी पोस्ट अपने प्रोफाइल से डिलीट कर दिए थे। लोगों ने पूछा कि क्या पलाश ने धोखा दिया है। ऐसे ही अनेक सवाल किए।

---

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र खत्म:- द्वितीय अनूपूरक बजट में 13476.94 करोड़ रुपए के प्रावधान

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बोले- 13 हजार करोड़ के अनुपूरक बजट से होगा हर वर्ग का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष प्रजातंत्र की धुरी हैं। इस सत्र में विपक्ष ने पूरे सत्र में सकारात्मक भूमिका अदा की है। प्रश्नों और उद्बोधनों में हमें अपने कार्यों को और अधिक कुशलता की तरफ जाने के लिए इंगित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने नेता ▶▶ शेष पेज 4 पर

- प्रधानमंत्री के विकसित भारत के स्वप्न को करेंगे साकार
- मुख्यमंत्री ने सत्र समाप्ति पर दिए संबोधन में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को दिया धन्यवाद



भाजपा विधायक मोहन सरकार के दो साल की उपलब्धियों वाले पोस्टर लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे

### इस सत्र में प्रदेश के लोगों को कई सौगातें मिली है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सदस्यों एवं मंत्रियों ने विस्तारपूर्वक अपनी बात अच्छे ढंग से सरकार की कार्यकुशलता के आधार पर, काम के आधार पर, जो वह कर सकते थे, उन्होंने सदन में रखा। इस सत्र के समय का सदुपयोग का प्रयास किया है। हमें कई सौगातें भी मिली है। गुरूवार को 3 चीते चंबल के अंचल में श्योपुर से छोड़े। चीता परियोजना की सफलता का नया मुकाम हासिल किया है।

#### अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का प्रावधान किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक महत्वपूर्ण विधेयक मप्र नगर पालिका (संशोधन) विधायक-2025 प्रस्तुत हुआ। इसमें नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से इससे वर्तमान में निकायों में कार्य करने में आ रही समस्याओं में काफी कमी आएगी। यह निकाय स्वतंत्र रूप से तेज गति से कार्य कर सकेंगे। ▶▶ पढ़ें पेज 04 भी

#### अनूपूरक बजट की विशेषताएं

द्वितीय अनुपूरक अनुमान में कुल 13476.94 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। अब विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। जरूरतमंद को आवास देना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता बनी है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें आगे और भी करने का प्लान है। बहनों को आर्थिक रूप से और ज्यादा सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1794 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मूलभूत जन सुविधाओं के लिए स्थानीय निकायों को 1633 करोड़ रुपए का ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### अनूपूरक बजट की खास बातें

- *जरूरतमंद को आवास देना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता*
- *प्रधानमंत्री आवास योजना में 4000 करोड़ का प्रावधान*
- *मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1794 करोड़ का प्रावधान*
- *मूलभूत जन सुविधाओं के लिए स्थानीय निकायों को 1633 करोड़ का प्रावधान*
- *पूंजीगत मद में 5028.37 हजार करोड़ का प्रावधान*
- *मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट था*

---

### आरबीआई ने ब्याज दर 0.25% घटाई

# लोन सस्ते होंगे, जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

आरबीआई गर्वनर ने वित वर्ष की पहली छमाही में 8% की जीडीपी ग्रोथ और कम होती महंगाई दर एक आदर्श स्थिति है। इसे 'गोल्डीलॉक्स' काल कहा


संजय मल्होत्रा, आरबीआई गर्वनर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अपनी पांचवीं मौद्रिक नीति बैठक (एमपीसी) के नतीजों का ऐलान कर दिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में कटौती कर कर्जदारों को राहत देने की खबर दी, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर एक बेहद शानदार तस्वीर भी पेश की है। केंद्रीय बैंक के मुखिया मल्होत्रा मौजूदा स्थिति को 'गोल्डीलॉक्स' काल बताया है। आने वाले ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### ग्राहकों की ऐसे होगी बचत

यदि किसी ने 50 लाख रु. का लोन 8.5% की ब्याज दर से 20 साल के लिए लिया है और आरबीआई यदि 0.25% की कटौती की घोषणा करती है तो उसकी ईएमआई कम हो जाएगी, जैसे कि पुराने ब्याज दर 8.5% पर 43,391 रु. की ईएमआई देनी पड़ती है। कटौती के ई ब्याज 8.25% पर 42,603 रुपए हो जाएगी।

#### यह भी बोले आरबीआई गर्वनर

- *आम आदमी के लिए सबसे अच्छी खबर महंगाई के मोर्चे पर है। चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 2.6% से घटाकर अब सीधा 2% कर दिया है।*
- *देश की मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) गतिविधियों में सुधार लगातार जारी है। वहीं, सर्विस सेक्टर भी स्थिर गति से बढ़ रहा है। ये दोनों सेक्टर रोजगार और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और इनका अच्छा प्रदर्शन करना सुखद संकेत है।*
- *बाजार में नकदी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी ताकि लोन बांटने और बिजनेस चलाने में कोई रुकावट न आए।*

---

### छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

## 5 लाख फिरौती मांगी, 2 लाख लेने के बाद भी वीडियो किया वायरल, लोगों का चक्काजाम

**12 घंटे में दोनों आरोपी गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के शामगढ़ में 12वीं की 16 वर्षीय छात्रा को ब्लैकमेल करने और अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना से नगर में तनाव और भारी आक्रोश है। इसके चलते पूरा शामगढ़ नगर ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### खबर फैलते ही जनाक्रोश बढ़ा

वीडियो वायरल होने की खबर फैलते ही गुरुवार रात सैकड़ों लोगों ने शामगढ़ थाने का घेराव कर दिया और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शुक्रवार को यह जनाक्रोश और बढ़ गया, जिसके ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छतरपुर में कार को ट्रक ने मारी टक्कर

## पांच लोगों की मौके पर ही मौत, दो गंभीर, पुलिस ने चालक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार

जिले के सागर-कानपुर एनएच पर शुक्रवार रात करीब 8 बजे चोपरिया मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहीं सागर आईजी हिमानी खन्ना ने स्थिति देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भेजवाया। जानकारी के अनुसार, सतना जिले के नागौद क्षेत्र के रहने वाले प्रजापति परिवार के लोग अपनी बहन को लेने सागर जिले के शाहगढ़ जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ प्रजापति परिवार बहन को लेने सागर जा रहे थे

### सर्द हवाओं का फिर असर... रीवा, ग्वालियर, दतिया ठिठुरे

## रीवा सबसे ठंडा 5.8 डिग्री पर पारा रविवार से प्रदेश में बढ़ेगी ठिठुरन

भोपाल-जबलपुर समेत 17 शहरों में 10 डिग्री से कम रहा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर से आ रही सर्द हवाओं से प्रदेश का रीवा, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी समेत 28 शहर ठिठुर गए हैं। शुक्रवार की रात में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 17 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

प्रदेश में रात के तापमान में औसत 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रीवा प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। यहां पारा सबसे कम 5.8 डिग्री पर पहुंच गया। राजगढ़ में 6


सर्दी से बचने के लिए अलावा का सहारा

डिग्री, भोपाल में 8.2 डिग्री, इंदौर में 11 डिग्री, ग्वालियर में 7.5 डिग्री, उज्जैन में 11.7 डिग्री और जबलपुर में 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पचमढ़ी में 6.7 डिग्री, ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पहाड़ी इलाकों में फिर होगी बर्फबारी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जबकि इसके पीछे एक और विक्षोभ आ रहा है। इस वजह से रविवार और सोमवार से पहाड़ों में बर्फबारी-बारिश होगी और फिर ठंडी हवाएं प्रदेश में आएंगी।

---

### आबकारी अधिकारी से परेशान शराब ठेकेदार ने दी थी जान

## ठेकों से महीने में 1.50 लाख की मांग करती हैं आबकारी अधिकारी... वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

एक शराब ठेकेदार ने 8 नवंबर को आत्महत्या कर ली थी। लेकिन इससे पहले ठेकेदार ने वीडियो बनाया था। जिसमें आबकारी सहायक आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर आरोप


मृतक मकवाना


मंदाकिनी दीक्षित

लगाया कि वो शराब ठेकों से हर महीने में 1.50 लाख की मांग कर रही हैं। शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने कुल 22 लाख से ज्यादा रुपए मंदाकिनी को दे दिए थे। मृतक का वीडियो वायरल हो रहा है। अगर पैसे नहीं दिए जाते तो ठेका बंद हो जाता। इससे उसका लाखों का नुकसान हुआ है। वसूली ने उसे दुखी कर दिया था।

#### मृतक परिवार ने न्याय की गुहार लगाई

मृतक परिवार ने भी न्याय की मांग करते हुए इंदौर में शिकायती आवेदन भी सौंपा था। कहा कि मामले की न्याय-पूर्ण जांच होनी चाहिए। इधर, मंदाकिनी ने कहा आरोप झूठे हैं। दिनेश के परिजन मुझे ब्लैकमेल कर रहे थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि इस संबंध में इंदौर में प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है विवेचना चल रही है, विवेचना में जो भी तथ्य समाने आते हैं उस पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के दो महत्वपूर्ण फैसले

### तस्वीरें खींचना बीएनएस की धारा 354सी का उल्लंघन नहीं

## महिला निजी काम नहीं कर रही है तो बिना इजाजत फोटो लेना जुर्म नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला निजी कार्य नहीं कर रही हो तो उसकी फोटो



खींचना और उसकी सहमति के बिना मोबाइल फोन पर उसका वीडियो बनाना भारतीय न्याय संहिता की धारा 354सी के तहत तांक-झांक करने का अपराध नहीं माना जाएगा। ऐसे एक मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने एक आरोपी को बरी कर दिया। जिस पर शिकायतकर्ता को उसके फोटो खींचकर और अपने मोबाइल फोन पर वीडियो बनाकर धमकाने का आरोप था। महिला ने दावा किया था कि आरोपी ने उसकी निजता में दखल दिया और उसकी इज्जत को ठेस पहुंचाई। शिकायतकर्ता ने आरोपी के खिलाफ 19 मार्च, 2020 को एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत धारा 341, 354सी और 506 के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अगर बैंक आर्थिक संकट से जूझ रहा है तो ये उनका फेलुअर

## आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी मंदिर के



अराध्य के धन का उपयोग वित्तीय संकटग्रस्त सहकारी बैंकों को सहारा देने के लिए नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह कड़ी टिप्पणियां कुछ सहकारी बैंकों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के दौरान कीं। अपील में केरल हाई कोर्ट के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बैंकों से थिरुनेल्ली मंदिर देवास्वोम को जमा राशि लौटाने को कहा गया था। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए करना चाहते हैं? यह निर्देश देने में क्या गलत है कि मंदिर का धन, संकट ग्रस्त सहकारी बैंक में रखने के बजाय एक आर्थिक रूप से सुदृढ़ राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा किया जाना चाहिए जो अधिकतम ब्याज दे ▶▶ शेष पेज 4 पर

# विस में अनुपूरक बजट पास, सरकार ने कहा- कर्ज नहीं, विकास के लिए निवेश




## विस में 13,474 करोड़ के अनुपूरक बजट को बताया विकास मॉडल

### सरकार कर्ज का उपयोग योजनाओं में कर रही
### वित्त मंत्री देवड़ा ने विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को 13 हजार 474 करोड़ रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट चर्चा के बाद पास हो गया। विपक्ष ने इसे कर्ज आधारित बजट बताते हुए सरकार पर वित्तीय अव्यवस्था और योजनाओं की धीमी प्रगति के आरोप लगाए। वहीं सरकार ने जवाब दिया कि विकास में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा और पूंजीगत निवेश को प्राथमिकता दी जा रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कर्ज में 130 प्रतिशत की बढ़त हुई है और सरकार अपेक्षा से अधिक ब्याज दर पर कर्ज ले रही है, जबकि अन्य राज्य कम दरों पर कर्ज प्राप्त कर रहे हैं।

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार कर्ज का उपयोग राजस्व व्यय में नहीं, बल्कि पूंजीगत परियोजनाओं और योजनाओं में कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना, भावांतर और उपार्जन जैसी योजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।


विधानसभा अध्यक्ष तोमर से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

### सरकार की योजनाएं सबके लिए है, विकास कार्य कर रहे

विपक्ष द्वारा कर्ज लिए जाने को बार-बार मुद्दा बनाए जाने पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह कर्ज नहीं, निवेश है। नियम और प्रक्रिया में समय सीमा में कर्ज ले रहे हैं। ब्याज समय पर दे रहे हैं और विकास के काम इससे कर रहे हैं। सरकार की जो भी योजनाएं हैं, वह किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं हैं, बल्कि सबके लिए हैं।

### डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा-सड़कें बन रहीं, विपक्ष को नहीं दिख रहीं

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। भावांतर में 500 करोड़ रुपए, लाडली बहना योजना में 1800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़के बन रही हैं, लेकिन विपक्ष को विकास नहीं दिखता। सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है।

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कुल 1497 प्रश्न हुए प्राप्त, इसमें 751 तारांकित व 746 अतारांकित प्रश्न आए

### मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। मप्र की सोलहवीं विधान सभा के 5 दिनी शीतकालीन सत्र में कुल 4 बैठकें हुईं। इसमें विधायी, वित्तीय और लोक महत्व के अनेक कार्य संपन्न हुए। सत्र में सदन ने वर्ष 2025-26 की द्वितीय अनुपूरक अनुमान मांगों को अपनी स्वीकृति प्रदान की। कुल लगभग 7 घंटे चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त सदन में वर्ष 2011-12 के आधिक्य व्यय के विवरण पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। 2 शासकीय विधेयक भी पारित किए गए। इस सत्र में कुल 1497 प्रश्न प्राप्त हुए। इसमें 751 तारांकित एवं 746 अतारांकित प्रश्न आए।

इसी तरह सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण की कुल 432 सूचनाए प्राप्त हुईं, जिनमें से 37 सूचनाएं ग्राह्य की गईं। शून्य काल की कुल 170 सूचनाएं एवं 226 याचिकाएं प्राप्त हुईं। इसमें 4 अशासकीय संकल्प सदन में प्रस्तुत हुए, जिनमें से 3 अशासकीय संकल्प पारित किए गए, इसमें एक पर चर्चा के उपरांत संकल्प वापस हुआ। सदन में अनेक सभा-समितियों के प्रतिवेदन प्रस्तुत हुए। जबकि नियम-139 के अधीन प्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में लगभग 4 घंटे 46 मिनट विस्तृत चर्चा हुई। इस सत्रावधि में सदन की बैठक लगभग 23 घंटे चली। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उद्देश्य यही है कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए सदन में आवाज सुनाई दे। शासन-प्रशासन की ओर से जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए तत्परता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था लोक कल्याण के लिए संचालित है। हमारा सौभाग्य है कि इस व्यवस्था का अंग होने के कारण, हमें जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।


विस अध्यक्ष तोमर से भेंट करते मंत्री विजयवर्गीय।

---

### कांग्रेस का विधानसभा में हंगामा, किया वॉकआउट

## कांग्रेस ने कहा: खदानें देने के नाम पर हो रही सिंगरौली में जंगल कटाई, मंत्री ने कहा, जितने पेड़ काटे, उतने लगा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सिंगरौली जिले में बड़े पैमाने पर जंगल कटाई का मुद्दा सदन में छाया रहा। कांग्रेस विधायकों ने वन विभाग से स्पष्ट जवाब मांगा, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नारेबाजी करते हुए वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह और विक्रांत भूरिया ने आरोप लगाया कि सरकार ने तीन कोल खदानें अडाणी समूह को देने के नाम पर भारी मात्रा में पेड़ों की कटाई कराई है।

उन्होंने कहा कि वन अधिनियम का पालन नहीं हो रहा और आदिवासी समुदाय पर इसका सीधा असर पड़ेगा। भूरिया ने यह भी कहा कि सिंगरौली से पेड़ काटकर सागर और शिवपुरी में लगाए जा रहे हैं, यह न्याय नहीं।


विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिंघार के साथ कांग्रेस विधायक।



### सिंगरौली भाजपा के लिए प्रयोगशाला

कांग्रेस विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सिंगरौली में पेड़ कटाई के मामले में कहा कि हिंदुस्तान में एक व्यक्ति के लिए 100 खून माफ है। छह लाख पेड़ क्या होते हैं, असम में भी लाखों पेड़ कट रहे हैं। मुंबई में हजारों एकड़ दिए जा रहे हैं। सिंगरौली तो वैसे भी भाजपा के लिए एमपी की प्रयोगशाला है।

### पेड़ों की कटाई नियमों के तहत, जितनी भूमि ली उतनी प्रदान की



वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने सफाई देते हुए कहा कि कटाई नियमों के तहत की गई है, जितने पेड़ हटाए गए हैं, उतने लगाए भी जा रहे हैं और जितनी भूमि ली गई है, उतनी उपलब्ध भी कराई जा रही है। अहिरवार ने कहा कि जो ग्राम और ब्लॉक क्षेत्र अभी प्रभावित हैं, वे वर्तमान में पेसा एक्ट के तहत नहीं आते, इसलिए अनुमति दी गई है।


शीतकालीन सत्र के लिए जाती विधायक ललिता यादव।


पूर्व विस अध्यक्ष गौतम और मंत्री निर्मला चर्चा करते हुए।

---

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंत्री शाह एवं पटेल ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

## हम सभी भाजपा कार्यकर्ता, मंत्री का दायित्व बाद में आता है, संगठन मजबूत करना कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के मंत्री विजय शाह एवं नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया। जिन जनसमस्याओं का समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

**कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का तत्काल समाधान किया**

कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय के बाद मंत्री विजय शाह ने कहा कि मैंने प्रदेश शासन के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आने वाले कार्यकर्ताओं से संवाद कर जनसमस्याओं का समाधान किया। मप्र की भाजपा सरकार और संगठन गरीबों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। शाह ने कहा कि हम सभी मूल रूप से भाजपा कार्यकर्ता हैं। मंत्री का दायित्व बाद में आता है। संगठन मजबूत होगा तभी सरकार बनेगी और मंत्री बनने का अवसर प्राप्त होगा। इसलिए हमारा पहला कर्तव्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। आने वाले दिनों में इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होने कहा कि प्रदेश कार्यालय की यह नई व्यवस्था संगठन और सरकार दोनों के बीच के संवाद को और अधिक सुदृढ़ करेगी। यह पहली सरकार है जिसने मंडल अध्यक्ष से लेकर प्रभारी मंत्री और प्रदेश कार्यालय तक कार्यकर्ताओं की आवाज को प्राथमिकता देने की परंपरा स्थापित की है।


मीडिया को जानकारी देते मंत्री शाह व पटेल।

### नगरीय निकाय एवं पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 दिसम्बर 2025 को होगा। एक अध्यक्ष और 8 पार्षदों का होगा उप निर्वाचन होगा। इसी तरह जिला पंचायत के 4, जनपद पंचायत के 14 और सरपंच के 67 पदों के लिए निर्वाचन होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिए जाएंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को होगी।

### खाद्य विभाग में शुरू हुई डिजिटल मॉनिटरिंग क्रांति

## खाद्यान्न भंडारण होगा फुल-प्रूफः निरीक्षण, नमी और फ्यूमिगेशन एप से व्यवस्था होगी रियल टाइम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शुक्रवार को ग्वालियर से अनाज गोदामों की निगरानी को आधुनिक, सटीक और पूर्णतः पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए तीन महत्वपूर्ण मोबाइल एप- निरीक्षण एप, नमी मापक एप और फ्यूमिगेशन एप लॉन्च किए। इन एप्स के माध्यम से खाद्यान्न भंडारण प्रणाली में तकनीक आधारित मॉनिटरिंग लागू होगी।

इससे गड़बड़ियों पर स्वतः अंकुश लगेगा और नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता का अनाज उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। मंत्री राजपूत ने कहा है कि पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है, खाद्यान्न की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गोदाम प्रबंधन में शत-प्रतिशत पारदर्शिता लाई जाए। अब निरीक्षण से नमी मापन और फ्यूमिगेशन तक की डिजिटल ट्रैकिंग होगी। इससे गड़बड़ी पर रोक लगेगी और जनता को बेहतर गुणवत्ता का खाद्यान्न उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित होगा।


एप्स लॉन्च करते मंत्री गोविंद सिंह।

### एप्स से होगी मॉनिटरिंगः मंत्री राजपूत

*मंत्री राजपूत ने बताया कि इस एप से रियल-टाइम निगरानी होगी। यह ऐप गोदामों के भौतिक निरीक्षण को पूरी तरह रियल-टाइम और लोकेशन-बेस्ड बना देगा। निरीक्षण का रोस्टर भोपाल मुख्यालय से तैयार होगा। इसके अलावा एक ब्रांच के गोदाम का निरीक्षण दूसरी ब्रांच के प्रबंधक द्वारा किया जाएगा, जिससे क्रॉस वेरिफिकेशन सुनिश्चित होगा। अधिकारी को गोदाम पर फिजिकली मौजूद रहने पर ही निरीक्षण भरने और फोटो अपलोड करने की अनुमति होगी। यदि निरीक्षक 100 मीटर से अधिक दूरी पर है, तो एप निरीक्षण स्वीकार ही नहीं करेगा। मंत्री राजपूत ने कहा कि सभी जानकारी रियल-टाइम पोर्टल पर दर्ज होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।*

### अजाक्स पैदल मार्च कर सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की करेगा प्रार्थना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार शाम साढ़े चार बजे अजाक्स भवन में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। इस अवसर पर अजाक्स पैदल मार्च कर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की प्रार्थना करेगा। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपस्थित मुद्दों पर भी विमर्श होगा। संघ के प्रांतीय महासचिव विजय शंकर श्रवण ने बताया कि बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर अजाक्स बंधु तथा समाजों की उपस्थिति में अजाक्स के प्रांताध्यक्ष के बयान पर षडयंत्रपूर्वक हंगामा मचाने वाले लोगों पर कार्रवाई करने संबंधी ज्ञापन बाबा साहेब के चरणों में अर्पित किया जाएगा।

---

### मप्र ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में हासिल की बड़ी उपलब्धिः ज्ञानेश

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को वर्चुअल बैठक के माध्यम से देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में हो रही उत्कृष्ट प्रगति की सराहना करते हुए प्रदेश को बधाई दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश के सभी नागरिकों, शासकीय कर्मचारियों और राजनीतिक दलों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। झा ने बताया कि मध्यप्रदेश के 28 जिलों में 100 प्रतिशत, 22 जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक तथा शेष 5 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 26 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन हो चुका है, जो कुल कार्य का 99 प्रतिशत से अधिक है।

### भाजपा विधायक दल की हुई बैठक, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताई जनकल्याणकारी योजनाएं

## विकास के लिए सुझाव दें, कार्यों का लेखा-जोखा जनता तक पहुंचाएंः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अब तक सम्पन्न विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी जनता तक पहुंचाएं। इससे सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का भरोसा और मजबूत होगा तथा आने वाले वर्षों की कार्ययोजना भी स्पष्ट रूप से सामने आ सकेगी। विकास कार्यों के मद्देनजर आपके क्षेत्र में क्या बेहतर हो सकता है, इस संबंध में सांसद, पूर्व सांसद, विधायकों से विचार-विमर्श कर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश लगातार आ रहा है और बीते दो सालों में 6 लाख लोगों को निजी क्षेत्र की नौकरियों और रोजगार से जोड़ा गया है। अभी तक 6 लाख करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा चुका है तथा जल्द ही 2 लाख करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जाएगा। दो सालों में सरकार 8 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं पर काम करेगी।



बैठक में उपस्थित सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायक और भाजपा पदाधिकारी।


बैठक में शामिल मंत्री और भाजपा विधायक।

### जनता के बीच निरंतर उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है : प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि संगठन की भावना के अनुरूप कार्य करते हैं, तब पार्टी की ताकत कई गुना बढ़ती है और सेवा का संकल्प धरातल तक प्रभावी रूप से उतरता है। जनता का यह सीधा जुड़ाव न केवल हमारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक होगा, बल्कि समाज के हर वर्ग के बीच विश्वास और आत्मीयता भी बढ़ाएगा।

### बूथ स्तर तक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एसआईआर को लेकर कहा कि आने वाले डेढ़ महीनों का समय हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विधायक को इस प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता और समर्पण के साथ शामिल होना होगा, क्योंकि आने वाले चुनाव इसी मतदाता सूची के आधार पर होंगे। 2026 से हर साल लगातार चुनाव होंगे। इसलिए एसआईआर को लेकर बूथ स्तर तक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। सभी जगह एल्डरमेन, जनभागादारी, रोगी कल्याण आदि समितियों की घोषणा जल्द की जानी है।

### एसआईआर प्रक्रिया के अगले डेढ़ माह होंगे अत्यंत निर्णायक : खंडेलवाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि विधायकों पर क्षेत्र की समस्याओं का निदान करने के साथ ही सरकार के कामकाज को जनता तक पहुंचाने की दोहरी जिम्मेदारी है। हमें संगठन और सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों पर खरा उतरना है। सभी विधायक अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर तक जाकर संगठन की गतिविधियों का नियमित निरीक्षण करें और कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखें। खण्डेलवाल ने कहा कि जैसे मंत्री प्रदेश कार्यालय में नियमित रूप से बैठक कर रहे हैं, उसी प्रकार विधायक भी सप्ताह में एक दिन जिला अध्यक्ष और सांसद के साथ जिला कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं और जनता की समस्याएं सुनें।*

9 मंडीदीप के एक दर्जन बंद कारखानों की सुरक्षा में...



10 समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर कृषि...





## तीसरे दिन भी 9 उड़ानें भोपाल नहीं कर सकी आवाजाही

**संतनगर।** एंडिगो एयरवेज़ क्रू मेंबरों की कमी और कई कारणों से ही हवाई क्षेत्र के प्रभावित होने की समस्या गंभीर होती जा रही है कि आज तीसरे दिन शुक्रवार को भी इंडिगो एयरवेज़ की 9 उड़ाने कैंसल कर दी गई इससे यात्री परेशान हो गए। इंडिगो एयरवेज़ कंपनी में आई प्रॉब्लम के कारण हवाई क्षेत्र काफ़ी प्रभावित हो रहा है। जिसके कारण पूरे देश में इंडिगो की उड़ान सेवा लगभग ठप होती जा रही है तो वहीं ऑपरेशन रीज़न के चलते राजाभोज पर भी तीसरें दिन कई उड़ानें निरस्त ही रही।

### कुछ उड़ानें लेट आने से आक्रोशित हुए यात्री

इंडिगो एयरवेज़ की नौ उड़ानों की आवाजाही रद्द की गई इसके अलावा कुछ उड़ानें लेट भी आईं। जिसके लिए यात्रियों मैं आक्रोश गहराता जा रहा है। राजा भोज एयरपोर्ट पर शुक्रवार को दिल्ली, मुंबई, पुणे, गोवा व अहमदाबाद सहित कई उड़ानों की आवाजाही नहीं हो सकी। इस बात को लेकर कई यात्री दिनभर परेशान होते रहे। इसके साथ ही अब यात्रियों में आक्रोश गहराता जा रहा है।

## कॉलेज प्रबंधन ने 15 छात्र किए निलंबित, हॉस्टल खाली करने के निर्देश

# जीएमसी: जूनियर की मैगी पहले बनने से गुस्साए सीनियरों का रॉड से अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स से रेटिना देख लौट रहे थे जीएमसी के एमबीबीएस छात्र | हमले में एक छात्र गंभीर रूप से हुआ घायल, आईसीयू में भर्ती, दूसरे की छुट्टी

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के एमबीबीएस के जूनियर और सीनियर छात्रों में मैगी को लेकर जमकर विवाद हो गया। छात्रों में विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई के साथ छात्रों ने एक दूसरे पर रॉड से हमला भी किया। विवाद में दो छात्रों को गंभीर चोटें आई है। बताया जा रहा है कि बीती रात एम्स में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम रेटिना देख लौट रहे जीएमसी के छात्र मैगी खाने पर आपस में झगड़ पड़े। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक छात्र के सिर पर रॉड से हमला कर दिया। छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलने के बाद जीएमसी प्रबंधन ने 15 छात्रों को कॉलेज से निलंबित कर दिया। जानकारी के मुताबिक घटना चार दिसंबर की रात की है।

### सामरिक कार्रवाईयों का करेंगे अभ्यास



जानकारी के मुताबिक जीएमसी के एमबीबीएस के 2023 और 24 बैच के करीब 15 छात्र एम्स में चल रहे रेटिना कार्यक्रम को देखने गए थे। रात करीब 12 बजे कार्यक्रम से लौटते वक्त सभी छात्र एम्स परिसर में बने सुधामृत कैफे पर मैगी खाने रुक गए। बताया जा रहा है कि जूनियर छात्र की मैगी पहले बनने से बहस शुरू हुई। यही बहस थोड़ी देर में झगडे में बदल गई और छात्र आपस में मारपीट करने लगे। वहीं कुछ छात्र बीच बचाव करने लगे तो उत्पाती छात्रों ने उन्हें ही रॉड से मार दिया। विवाद के दौरान पारस मरैया और डॉ. शैलेष चौधरी को सबसे गंभीर चोटें आईं। डॉ. शैलेष को आईसीयू में भर्ती कराया गया, जबकि पारस को उपचार के बाद घर भेजा गया।

### डिसिप्लिनरी कमेटी की बैठक

घटना को गंभीर मानते हुए जीएमसी प्रशासन ने आपात बैठक की। 15 छात्रों को निलंबित कर दिया और हॉस्टल के कमरे खाली करने का आदेश दिया गया। इनमें अमन पांडे, देव रघुवंशी, विवेक मालवीय पार्थ पाटीदार, शशांक पाटीदार, निखिल गौड़, पुष्पेंद्र कैन, ओम बजाज, आदर्श चौधरी, ऋषभ दामने, मधुर तिवारी, शिवम महावर, राहुल घाकड़, इकलेश धाकड़, अजय ब्राह्मणे।

### हिंसक घटना स्वीकार्य नहीं

यह गंभीर अनुशासनहीनता है। मेडिकल छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे संयम और अनुशासन का पालन करें। कॉलेज परिसर में हिंसक घटना स्वीकार्य नहीं है और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी

## 15 दिन पीयूसी की समझाइश,फिर ट्रैफिक अमला करेगा सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहरों में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए भारी वाहन, स्कूल बस, लोडिंग वाहन और कारों में पीयूसी को अनिवार्य किया जाए। आगामी पंद्रह दिनों तक वाहन चालकों को समझाइश देकर पीयूसी सर्टिफिकेट जारी कराया जाए। इसके बाद अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर पीयूसी कराई जाए। यह बात शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने दफ्तर में वायु गुणवत्ता को लेकर रखी गई बैठक रखी गई थी।

संभाग कमिश्नर ने ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा शहर में वायु प्रदूषण रोकथाम के लिए अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि बिना पीयूसी वाले वाहनों को 15 दिन का समय तय किया गया है। सभी वाहनों का 15 दिवस के अंदर पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाएं। पंद्रह दिवस के बाद ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर चलानी कार्यवाही करें।

Strengthening our
Surgical Oncology Department
Chirayu Cancer Hospital
Welcomes

Dr. Neelesh Tiwari
Head and Neck Oncosurgeon

A highly skilled Surgical Oncologist specializing in Head and Neck Cancers. He has undergone advanced fellowship training at Tata Memorial Hospital, Mumbai, and has served at leading cancer institutes across India. With over a decade of experience, he is known for performing complex head and neck cancer surgeries with precision, empathy, and a patient-centered approach.



AREAS OF EXPERTISE
- Oral Cancer Surgery
- Microvascular reconstructive surgery
- Thyroid and Parathyroid Surgery
- Parotid and salivary gland cancer surgery
- Endoscopic Skull base surgery
- Minimally invasive head and neck surgery
- Laryngeal Cancers
- Voice-preserving laryngeal surgery

Chirayu Medical College & Hospital
CHIRAYU CANCER HOSPITAL
चिरायु कैंसर हॉस्पिटल
जहां ज़िंदगी जीते
A UNIT OF CHIRAYU CHARITABLE FOUNDATION
Near Bairagarh, Bhopal-462030 (MP)
Ph: 90398 20664 | 0755-2709100
cancercare@cmchbhopal.com
www.cmchbhopal.com
Aquarius

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए नहीं खिंच पाए फोटो

# आरटीओ का सर्वर डाउनः आरटीओ में लाइसेंस के लिए लगी लंबी कतार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग का सर्वर डाउन होने के कारण ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने पहुंचे आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसके चलते शुक्रवार सुबह से लाइसेंस के लिए आवेदकों की लंबी-लंबी लाइन देखने को मिली। सर्वर डाउन की वजह से डीएल के फोटो नहीं खिंच पा रहे हैं और न ही लाइसेंस का काम आगे बढ़ पा रहा है।

आरटीओ अफसरों के अनुसार, प्रदेश में रोजाना 2500 से 3500 तक आवेदक अपने परमानेंट या लर्निंग लाइसेंस बनवाने पहुंचते हैं। लेकिन सर्वर डाउन रहने से कामकाज प्रभावित हो रहा हैं। भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि तकनीकी खामी की जानकारी एनआईसी को दे दी गई है। सर्वर को ठीक कर लिया गया।

### बायोमीट्रिक के लिए पहुंचे थे आवेदक

भोपाल में ही रोजाना 300 से 400 लाइसेंस बनते हैं। इसके लिए लोगों को अनिवार्य रूप से आरटीओ में फोटो व बायोमेट्रिक के लिए आना होता है। लेकिन डीएल सारथी सिस्टम और फोटो कैप्चर सर्वर बंद होने से सभी काम अटक गए हैं। शनिवार व रविवार की छुट्टी होने के चलते ऐसे में अब सोमवार को आवेदकों के काम हो सकेंगे।

### स्लॉट बुक, फिर भी लगा रहे चक्कर

आवेदकों का कहना है कि ऑनलाइन स्लॉट बुक करने के बावजूद उन्हें ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लाइसेंस बनवाने आए राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह फोटो के लिए आए थे। काफी देर तक सर्वर डाउन होने से वह घर जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदक जहां से किया था। उन्होंने सोमवार को आने का बोला है।

## निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा-

# *यूएन वूमेन कांफ्रेंस में रहा केयरिंग सिटी बनाने पर फोकस, अब भोपाल में भी होगी पहल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन दक्षिण कोरिया में यूएन वूमेन कांफ्रेंस में शामिल होकर शुक्रवार को भोपाल लौटीं। उन्होंने वहां कांफ्रेंस में केयरिंग सिटी बनाने को लेकर अपने विचार रखे। हरिभूमि से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि केयरिंग सिटी को लेकर चर्चा की गई। महिलाओं की सुरक्षा, बुजुर्गों की देखभाल, बेहतर पर्यावरण एक दूसरे के सहयोग से करने जैसे विषयों पर



अपने विचार कांफ्रेंस में व्यक्त किए। भोपाल नगर निगम भी क्या केयरिंग सिटी बनाने की योजना पर काम कर सकता है कि सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मामले पर जरूर विचार करेंगे। दरअसल, केयरिंग सिटी ऐसा शहर होता है जो अपने नागरिकों की देखभाल और भलाई को प्राथमिकता है। इसके लिए शहरी योजना भी इस तरह से बनाई जाती है कि लोग खुद एक-दूसरे की और पर्यावरण की देखभाल कर सकें। स्वास्थ्य, सामाजिक जुड़ाव, समानता और समावेशिता पर ध्यान दिया जाता है, ताकि सभी नागरिक, खासकर कमजोर वर्ग, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीवनयापन कर सकें।

## रिसोर्ट संचालक को ढूंढकर वसूला जुर्माना

**भोपाल।** नगर निगम के जोन-8 के स्वास्थ्य अमले ने शुक्रवार को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कलियासोत के पास खुले में कचरा पड़ा पाए जाने पर उसमें मिले कागजों के आधार पर कचरा फेंकने वाले रिसोर्ट संचालक को ढूंढकर 20 हजार रुपए का जुर्माना किया।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एॅम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## महाप्रबंधक ने पालीक्लिनिक हबीबगंज का किया उद्घाटन

# स्वास्थ्य केन्द्र हबीबगंज का पॉलीक्लीनिक के रूप में विस्तार, स्टाफ को मिलेगी बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे के क्षेत्र में कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है, हबीबगंज क्षेत्र के कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये पूर्व से उपलब्ध स्वास्थय केन्द्र हबीबगंज का पॉलीक्लीनिक के रूप में विस्तार किया गया। शुक्रवार को पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय द्वारा पॉलीक्लीनिक हबीबगंज, पमरे भोपाल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पॉलीक्लीनिक हबीबगंज के पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया। पॉलीक्लीनिक सुविधा एक ही छत के नीचे कई तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराती है। पॉलीक्लीनिक में कई तरह की सुविधाएं जिनमें- जनरल और स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सुविधा, जांचे, माइनर सर्जरी एवं कोनिक बीमारियों के मरीजों के लिये अधिक दिनों की दवाईयां उपलब्ध कराना इत्यादि शामिल हैं। भविष्य में इसका और अधिक विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर डीआरएम पंकज त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक ए एण्ड एस अभिराम खरे, अपर मंडल रेल प्रबंधक ओ एण्ड आई , योगेन्द्र बघेल, अन्य मंडल अधिकारीगण एवं चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## उत्तर और हुजूर विस में एसआईआर 100 फीसदी पूर्ण

# कई जज और पुलिस अधिकारियों को नहीं मिले गणना पत्रक, कई आईएएस ने नहीं किए वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर सर्वे के दौरान राजधानी के कई जजों को गणना पत्रक तक नहीं मिले हैं। बहुत सारे लोग हैं। जिनके पास बीएलओ पहुंचे हैं। स्थिति ये है कि कई सारे आईएएस ऑफिसरों के पास गणना पत्रक पहुंच तो गए हैं। लेकिन उन्होंने बीएलओ को वापस नहीं किया है। एसआईआर का ड्राफ्ट रोल 11 नवम्बर को पब्लिश कर दिया जाएगा। वहीं हुजूर और उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 100 फीसदी एसआईआर का कार्य कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक भोपाल 10 से ज्यादा जज हैं। जिनको बीएलओ ने अब तक गणना पत्रक नहीं दिए हैं। धर्म गुरु डॉ. शंकर पाटीदार अध्यक्ष गायत्री शक्तिपीठ इनको भी न तो गणना पत्रक नहीं मिला। अफसरों ने बताया कि जिला पंचायत दफ्तर से वीआईपी को कॉल किया जा रहा है। इसमें आईएएस और आईपीएस अफसरों के अलावा भी लोग शामिल हैं। इसमें 700 से ज्यादा वीआईपी लोगों को कॉल सेंटर के जरिए कवर किया गया है। प्र.स विधानसभा अवधेश प्रताप सिंह को भी गणना पत्रक नहीं मिला है।

### इन जजों को नहीं मिले गणना पत्रक

1-विवेक सक्सेना डीजे कर्मिशयल कोर्ट
2-पल्लावी द्विवेदी, डीजे स्पेशल महिला कोर्ट
3-सुचीता श्रीवास्तव, डीजे
4- संजय अग्रवाल डीजे
5-श्री कैलाश शुक्ला डीजे
6-प्रवीण पटेल डीजे
7- नीलम शुक्ला डीजे स्पेशल सीबीआई कोर्ट
8-संजय कुमार स्पेशल डीजे एमपीईबी कोर्ट नंबर 1

### पुलिस के इन अफसरों को नहीं मिला पत्रक

1-आईपीएस अखिल पटेल पुलिस उपायुक्त
2-मलकीत सिंह सहायक पुलिस उपायुक्त
3-अक्षय चौधरी पु उपायुक्त
4- नीरज वर्मा थाना प्रभारी
5- नीतू सिंह अति पुलिस उपायुक्त

## क्रेडाई सहित संगठन पदाधिकारियों ने किया रेपो दर में कटौती का स्वागत

# बोले, अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रियल एस्टेट से जुड़े डेवलपर्स और जमीन, मकान के विकास से जुडे.बिल्डर्स ने आरबीआई के नीतिगत दर में 0.25 कटौती करने का स्वागत करते हुए कहाकि रेपो दर में कटौती को अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया(क्रेडाई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहाकि इस कदम से सकारात्मक बाजार धारणा को और मजबूती मिलेगी, कर्ज लागत कम होगी, ऋण वृद्धि को समर्थन मिलेगा और रियल एस्टेट सहित सभी क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहाकि रियल एस्टेट के लिए, इससे मांग में तेजी आने और सभी क्षेत्रों में निवेश की धारणा मजबूत होने की उम्मीद है।

**दर कटौती से बाजार की धारणा को और मजबूत करने की क्रय शक्ति बढ़ाएगा**



फाइल फोटो

### कटौती को और आक्रामक तरीके से लागू करने प्रेरित होने की आवश्यकता: मीक

डेवलपर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहाकि इस कटौती से नकदी में सुधार होगा, चूंकि नकदी अब केंद्रीय बैंक के लिए मुख्य चिंता का विषय नहीं रही, इसलिए क्रेडाई को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 का समापन मजबूत रहेगा और सभी क्षेत्रों में आवासीय मांग में निरंतर गति बनी रहेगी। इससे बैंक पिछली दरों में कटौती को और अधिक आक्रामक तरीके से लागू करने और वृद्धि को बढ़ावा देने वाले रुख अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।


मनोज मीक

### लक्जरी हाउसिंग खंड में अंतिम उपभोक्ता की ओर से मजबूत मांग : गोयल


विपिन गोयल

क्रेडाई भोपाल के पूर्व अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहाकि रेपो दर में कटौती भारत में वर्तमान निम्न मुद्रास्फीति के माहौल एवं स्थिर वृद्धि दृष्टिकोण के अनुरूप है। पिछले कुछ तिमाहियों में लक्जरी हाउसिंग खंड में अंतिम उपभोक्ता की ओर से मजबूत मांग देखी गई है...। कम ब्याज दरें उन ग्राहकों की घर खरीदने की क्षमता को और बढ़ाएंगी।

### मध्यम आय वाले खरीदार की धारणा में और सुधार होगा: शर्मा

आराध्य भूमिका कंस्ट्रक्शंस के सीएमडी विकास शर्मा ने कहाकि रियल एस्टेट क्षेत्र, खासकर आवासीय क्षेत्र के लिए यह ब्याज दरों में कटौती त्योहारी मांग और प्रमुख निर्माण सामग्रियों पर जीएसटी के युक्तिसंगत बनाने से बनी गति पर आधारित है। कम उधारी लागत से खासकर किफायती एवं मध्यम आय वाले आवास क्षेत्रों में खरीदार की धारणा में और सुधार होगा...। यह कदम निश्चित रूप से समग्र आर्थिक वृद्धि की मौजूदा गति को समर्थन देगा, जिससे मांग एवं निवेश गतिविधि को बल मिलेगी।


विकास शर्मा

### सही समय पर मिली बड़ी राहत, वित्तीय स्थिति के आसान होने का साफ संकेत : पाली


तेजकुलपाल सिंह पाली

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि आरबीआई के रेपो दर में कटौती अर्थव्यवस्था के लिए सही समय पर मिली बड़ी राहत है और यह वित्तीय स्थिति के आसान होने का साफ संकेत है।

---

## आरबीआई की बैंकों व एनबीएफसी को दो टूक

# ग्राहकों को सबसे ऊपर रखें, शिकायतों में कमी के लिए 1 जनवरी से चलेगी मुहिम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा करते हुए बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के लिए एक स्पष्ट संदेश जारी किया। गवर्नर ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से अपनी नीतियों और कामकाज में ग्राहकों को सर्वोपरि रखने की बात कही। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने उन्हें से ग्राहक सेवाओं में सुधार लाने और शिकायतों को भी कम करने को कहा। आरबीआई एमपीसी ने गवर्नर ने ब्याज दरों में भी बड़ी राहत दी है। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का फैसला किया, जिससे यह अब घटकर 5.25 फीसदी पर आ गई है। केंद्रीय बैंक ने अपना रुख 'तटस्थ' बनाए रखा है।


संजय मल्होत्रा

### *दो महीने का विशेष अभियान चलाया जाएगा*

*ग्राहकों की ओर बैंकों-एनबीएफसी में बढ़ती शिकायतों पर आरबीआई गवर्नर ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि आरबीआई लोकपाल के पास एक महीने से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों के समाधान के लिए अगले साल 1 जनवरी से दो महीने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहाकि हाल के दिनों में बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होने के कारण, आरबीआई लोकपाल के पास लंबित मामलों में इजाफा हुआ है। हम 1 जनवरी से दो महीने का अभियान चलाने का प्रस्ताव कर रहे हैं, इसका उद्देश्य उन सभी शिकायतों का समाधान करना है जो एक महीने से अधिक समय से लंबित हैं।*

### ग्राहक सेवा में सुधार के लिए उठाए गए कदम

आरबीआई गवर्नर ने ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा उठाए गए हालिया कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ?हमने इस दिशा में कई उपाय किए हैं। री-केवाईसी, वित्तीय समावेशन और 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान अन्य हितधारकों के सहयोग से की गई कुछ प्रमुख पहल हैं। उन्होंने आगे बताया कि साल की शुरुआत में आरबीआई ने अपने 'सिटिजन चार्टर' की भी समीक्षा की थी और सभी सेवाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। गवर्नर ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा, ?हम हर महीने की पहली तारीख को विभिन्न आवेदनों के निपटान और लंबित मामलों का सारांश प्रकाशित कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 99.8 फीसदी से अधिक आवेदनों का निपटान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### रियलमी पी4एक्स और रियलमी वॉच 5 पेश

**नई दिल्ली।** रियलमी पी सीरीज ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी पी4एक्स लॉन्च और रियलमी वॉच 5 लांच किए हैं। रियलमी पी4एक्स 5जी के 6 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट की कीमत 15,499 रुपए है। जबकि 8 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज और 8 जीबी रैम व 256 जीबी स्टोरेज मॉडल को क्रमशः 16,999 रुपये और 17,999 रुपए में उपलब्ध कराया गया है।

वहीं, रियलमी वॉच 5 ब्रांड की नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, ऑफर में वॉच 4000 रुपए से भी कम कीमत में मिलेगी।

### रे-बैन के मेटा एआई ग्लासेस बाजार में

**नई दिल्ली।** रे-बैन मेटा (जेन 2) एआई ग्लासेस भारत के बाजार में उपलब्ध होंगे। अब आप इन ग्लासेस से तेजी से वीडियो कैप्चर कर सकते हैं, इसकी बैटरी लाइफ काफी बेहतर है, इसमें आधुनिक मेटा एआई अनुभव और नए-नए स्टाइल मिलेंगे जो रोजमर्रा की उपयोगिता के साथ आइकॉनिक डिजाइन में पेश किये गये हैं। यह कलेक्शन पूरे देश में रे-बैन इंडिया पर तथा प्रमुख ऑप्टिकल और आईवियर रिटेलर्स पर उपलब्ध होगा। इसकी कीमतें 39,900 से शुरू होती हैं।

### कंसल्टेंसी का शुद्ध लाभ 15.11 करोड़ पहुंचा

**मुंबई।** कंसल्टेंसी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 69.56 करोड़, एबिटडा 34.62 करोड़ और शुद्ध लाभ 15.11 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। जबकि छमही स्टैंडअलोन वित्तीय मुख्य बिंदु के अनुसार कुल आय 5.53 करोड़, एबिटडा 3.86 करोड़ और शुद्ध लाभ 2.72 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय परमार ने कहाकि हमने भारत और अफ्रीका में अपने पदचिह्नों को और मजबूत किया।

### टाटा प्ले की टाइम्स प्ले के साथ साझेदारी

**मुंबई।** टाटा प्ले बिंज ने टाईम्स नेटवर्क के डिजिटल ओटीटी प्लेटफॉर्म, टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत टाटा प्ले बिंज के ग्राहक टाईम्स प्ले के माध्यम से हॉलिवुड फिल्में, वेब सीरीज़, शॉर्ट वीडियो, पिकल बॉल और सीधा प्रसारण करने वाले 11 टीवी चैनल एक ही स्थान पर देख सकेंगे। टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को टाईम्स नेटवर्क पर मौजूद व्यापार और समाचार एक ही सदस्यता शुल्क में प्राप्त होंगे। वो मनोरंजन और समाचार के लिए रोमेडी नाउ जैसे प्रीमियम टीवी चैनल भी देख सकेंगे।

---

# भोपाल मेला उत्सव समिति ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दिया स्लिट लैंप इमेजिंग सिस्टम

**दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण आंख है, बच्चों की आंखों की जांच नियमित होना जरूरी**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


स्लिट लैंप इमेजिंग सिस्टम सौंपते हुए

भोपाल मेला उत्सव समिति ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय हिरदाराम नगर (बैरागढ़) को स्लिट लैंप इमेजिंग सिस्टम नेत्रालय को समर्पित किया। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, जीव सेवा संस्थान के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ सहित उपाध्यक्ष राजेश जैन, संतोष अग्रवाल, अशोक गुप्ता, अनुपम अग्रवाल, राजकुमार जौहरी, विमल भंडारी, वीरेन्द्र जैन, डॉ योगेश मुखारिया, डॉ महेश गुप्ता,चंदू सोनी, ओपी खुराना, सुमित गर्ग पास मौजूद थे।

मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि मेला समिति द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को इससे बड़ी और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मशीन दी जाएगी। क्योंकि इस दुनिया में आंख के सिवा कुछ भी नहीं है... आंखें तो ज्ञान है..। मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि मेला समिति द्वारा सबसे पहले स्वास्थ्य शिविर लगाया, इसके बाद लगातार मेला समिति स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर काम कर रही है। जैनाविन के अनसार भोपाल मेला उत्सव समिति द्वारा समय-समय पर धार्मिक और सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं इसी कड़ी में आज सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को स्लिट लैंप इमेजिंग सिस्टम दिया गया। स्लिट लैंप में यह एक विशेष माइक्रोस्कोप है जो एक तेज रोशनी का उपयोग करके आंख की संरचनाओं को करीब से देखने में मदद करता है। जिससे आंखों को रोगियों को राहत मिलेगी।

यह सिस्टम यह नेत्र रोग विशेषज्ञ को आंख के विभिन्न हिस्सों की विस्तृत छवियां प्रदान करता है, जिससे बीमारियों का सटीक निदान संभव होता है। मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि भोपाल उत्सव मेले में दिव्यांग बच्चों के लिए कई शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें सेरेब्रल पाल्सी (जन्मजात विकलांगता) और बाल अस्थि रोगों के लिए आयोजित किया गया था। और इसमें बच्चों की जांच कर मुफ्त परामर्श दिया गया। इसके अलावा, कृत्रिम अंग वितरण शिविर भी आयोजित किए जाते हैं।

### जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में सबसे बड़ी अभ्यास अदालत का शुभारंभ


पट्टिका का अनावरण

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और कानून एवं न्याय राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल ने दुनिया की सबसे बड़ी अभ्यास अदालत, न्यायाभ्यास मंडपम–भव्य मूट कोर्ट का उद्घाटन किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया। इस आयोजन में देश-विदेश के 200 से अधिक न्यायाधीशों तथा न्यायविदों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता, अधिकारों, संस्थानों और नागरिकों पर तुलनात्मक विचार' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भी उद्घाटन किया। इस मौके को यादगार बनाने के लिए मुख्य न्यायाधीश और कानून मंत्री ने एक पट्टिका का भी अनावरण किया। सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश सहित सर्वोच्च न्यायालय के 26 वर्तमान और पूर्व न्यायाधीशों के अलावा अलग विषयों पर आयोजित सत्रों में भाग लिया।

## भरोसे की नींव पर खड़ी इफको-टोकियो के 25 साल पूरे

# 35,000 एजेंटों के साथ कर चुकी लगभग 86 लाख पॉलिसी जारी

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

इफको-टोकियो इंश्योरेंस ने कई सहकारी समितियों के साथ मिलकर कम प्रीमियम वाली स्वास्थ्य, मोटर और अन्य बीमा पॉलिसियां शुरू की हैं। कंपनी की 25वीं सालगिरह पर शुरू हुई इस पहल से ग्रामीण और आम लोगों को सस्ते में बेहतर बीमा कवरेज मिलेगा।

इरडा की नीतियों से प्रेरित यह कदम बीमा को और अधिक आसान और किफायती बनाएगा। इफको-टोकियो जीआईसी, इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव (इफको) और जापान स्थित टोकियो मरीन ग्रुप का ज्वाइंट वेंचर है। इसमें इफको की 51 फीसदी हिस्सेदारी है,जबकि टोकियो मरीन का 49 फीसदी हिस्सा है। कंपनी अपना 25वां स्थापना वर्ष मना रही है। इस मौके पर कंपनी के एमडी और सीईओ सुब्रत मंडल ने बताया कि कंपनी अब केवल किफायती बीमा नहीं, बल्कि लोगों की आकांक्षाओं और भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उत्पादों को और बेहतर बनाने पर काम कर रही है। 25 साल पहले एक मामूली शुरुआत के साथ दशकों के विश्वास की नींव पर कंपनी अब 1000 कार्यालयों और 35,000 एजेंटों के साथ लगभग 86 लाख पॉलिसी जारी कर चुकी है।

**महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित किया**

# दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए पीएनबी ने लांच किया ब्रेल क्रेडिट कार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने समावेशी एवं समतामूलक समाज के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस वर्ष की थीम "सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांगता-समावेशी समाजों को बढ़ावा के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया।


ब्रेल क्रेडिट कार्ड का अनावरण

यह कार्यक्रम पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकार अशोक चंद्र, मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी तथा पीएचडी स्कॉलर मुन्ना खालिद, मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेंद्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम ने पीएनबी के ब्रेल क्रेडिट कार्ड जिसे दृष्टिबाधित ग्राहकों को अधिक सुगमता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

---

## बिजनेस न्यूज

### कॅरियर कॉलेज ऑटोनॉमस में टैली ईआरपी पर कार्यशाला



**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज के वाणिज्य और प्रबंधन विभाग द्वारा टैली ईआरपी पर एक कार्यशाला आयोजित की। सत्र का नेतृत्व सीए राहुल जैन ने किया। जिन्होंने लेखांकन सॉफ्टवेयर और उद्योग-आधारित वित्तीय प्रथाओं की व्यावहारिक समझ प्रदान की। कार्यशाला के दौरान सीए राहुल जैन ने जोर दिया कि एक एकाउंटेंट की भूमिका निभाने के लिए पेशेवर कौशल आवश्यक हैं और सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उद्योग में उपयोग की जाने वाली वास्तविक लेखांकन प्रथाओं को छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करने के लिए सिखाया जाना चाहिए। सत्र में लेखांकन कॅरियर के लिए टैली ईआरपी सॉफ्टवेयर सीखने के महत्व, उद्योगों में उपयोग की जाने वाली वास्तविक समय की लेखांकन प्रक्रियाओं को समझने, जीएसटी की मूल बातें, जिसमें रिटर्न दाखिल करना और टीडीएस की प्रमुख अवधारणाएं शामिल हैं, पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### भाभा यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ के प्रथम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग संकाय में दीक्षारंभ के प्रथम दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाभा यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. दिलीप कुमार प्रति कुलगुरु डॉ.भारती सतानकार रजिस्टर, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष सभी प्राध्यापकगण शिक्षकगण और सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उद्घाटन सत्र का आयोजन कुलगुरु डॉ.दिलीप कुमार डे की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलगुरु ने छात्रों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने, उनके प्रति समर्पित रहने तथा सतत प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। अधिष्ठाता डॉ. अशोक कुमार झाला ने पहले वर्ष के छात्रों को फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग विद्यालय से महाविद्यालय के वातावरण में बदलाव के व्याहारिक शिक्षा के अंतर पर छात्रों के समझाया। प्रो.विजयकांत पांडे ने विजन और मिशन के बारे में जानकारी दी। दो महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किए गए। प्रथम व्याख्यान प्रो आशीष भार्गव के द्वारा संस्था के इंजीनियरिंग कोर्सेज़, उनकी संख्या और पाठ्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अकादमिक कैलेंडर की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉक्टर.योगेश टेंभुरने और डॉ प्रीति ताम्रकार ने किया।



### सेरेंडिपिटी आर्ट्स फेस्टिवल 10वें संस्करण के साथ फिर लौटा, आयोजन 12 से

**इंदौर।** सेरेंडिपिटी आर्ट्स फेस्टिवल अपने 10वें संस्करण के साथ गोवा में 12 से 21 दिसंबर 2025 तक लौट रहा है, जो गोवा को रचनात्मकता के केंद्र के रूप में बदल देगा। इस आयोजन को देश में कला के उत्सव के रूप में मील का पत्थर माना जाता है। यह उत्सव इतना बड़ा, विविधतओं से भरपूर और मज़ेदार है कि आने वाले हर व्यक्त के लिए कुछ यादगार देने का वादा करता है। इन 10 दिन में पणजी के रिवरफ्रंट, हेरिटेज बिल्डिंग्स, आर्ट डिसट्रिक्ट्स, ऑडिटोरियम और ओपन-एयर स्टेज 250 से ज़्यादा प्रोजेक्ट्स के साथ जीवंत हो उठेंगे, जिन्हें 35 से ज्यादा जाने-माने लोग क्यूरेट करेंगे। सेरेंडिपिटी आर्ट्स के फाउंडर-पैट्रन सुनील कांत मुंजाल ने बताया कि जब हम सेरेंडिपिटी आर्ट्स के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने बतायाकि सेरेंडिपिटी आर्ट्स फेस्टिवल 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन अब लाइव हैं।

### स्कूटर खरीदने वालों को एथर इलेक्ट्रिक ने की 20 हजार रु. के बेनेफिट्स की घोषणा

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी ने दिसंबर में अपने माह भर चलने वाले अभियान का तीसरा संस्करण शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत दिसंबर में चुनिंदा एथर स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों को आकर्षक कैश डिस्काउंट, ईएमआई ऑफर और एक्सटेंडेड वॉरंटी प्रदान की जा रही है। एथर ने इसके समाधान के लिए दिसंबर में स्कूटर खरीदने वालों को बेहतर मूल्य तथा हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की निरंतर कंपैटिबिलिटी प्रदान करने का भरोसा दिलाया है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राहकों को 20,000 रुपए मूल्य तक के बेनेफिट्स दिए जा रहे हैं, जिनमें क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 10,000 रुपए तक की छूट और 10,000 रुपए का कैश डिस्काउंट शामिल है। ये ऑफर एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, वनकार्ड, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, स्केपिया, केनरा बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक और आरबीएल बैंक के कार्डधारकों को उपलब्ध हैं।




### एवीपी इंफ्राकॉन ने हासिल किया 195.73 करोड़ रुपए राजस्व

**चेन्नई।** एवीपी इन्फ्राकॉन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। पहली छमाही में कंपनी ने 195.73 करोड़ रुपए राजस्व हासिल किया। एबिटडा 44.74 करोड़ रुपए रहा और शुद्ध लाभ 23.22 करोड़ रुपए पहुंच गया। कंपनी के एमडी, प्रसन्ना धंदायुथपानी ने कहा कि यह सफलता हमारी उत्कृष्ट कार्यान्वयन क्षमता और संचालन अनुशासन का परिणाम है। इस दौरान हाईवे, ब्रिज और इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े लगभग 124 करोड़ के नए ऑर्डर मिले, जो ग्राहकों के विश्वास और तमिलनाडु से बाहर हमारे विस्तार को दर्शाता है।

### एमजी मोटर का 'मिडनाईट कार्निवल' हुआ शुरू



**गुरुग्राम।** जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने पूरे देश में अपना मिडनाईट कार्निवल शुरू किया है। यह कार्निवल 5 से 7 दिसंबर 2025 तक एमजी की संपूर्ण वाहन श्रृंखला के लिए है। इस कार्निवल के दौरान सभी एमजी शोरूम तीन दिनों के लिए आधी रात तक खुले रहेंगे, ताकि ग्राहकों को अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ डीलरशिप पर आकर एमजी वाहन खरीदने के लिए ज्यादा सुविधा और समय मिल सके। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विनय रैना ने कहाकि जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया में हम बेहतरीन अनुभवों के लिए कारों से आगे बढ़कर सेवाएं देने में यकीन रखते हैं। मिडनाईट कार्निवल के अंतर्गत, ग्राहकों को 11 करोड़ रुपए तक के निश्चित उपहार मिलेंगे।

### एसईपीसी को यूएई प्रभाग से एईडी 85 करोड़ रुपए का सब-कॉन्ट्रैक्ट हासिल

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड ने संयुक्त अरब अमीरात में अपने यूएई प्रभाग एसईपीसी एफजेडई के माध्यम से एईडी 85 करोड़ रुपए का एक सब-कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है। यह अनुबंध संयुक्त अरब अमीरात में एक रणनीतिक ऊर्जा अवसंरचना उन्नयन परियोजना के लिए प्राप्त हुआ है। यह अनुबंध लॉरेन मिडिल ईस्ट इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन एलएलसी द्वारा प्रदान किया गया है, जिसके अंतर्गत आपातकालीन शटडाउन (ईएसडी) प्रणाली नाइट्रोजन उत्पादन इकाई और उन्नत पब्लिक एड्रेस एवं जनरल अलार्म प्रणाली की स्थापना शामिल है। यह कार्य अबू धाबी ऑयल कंपनी के विकास ढांचे के तहत मुबारेज़ आइलैंड में किया जाएगा। परियोजना दिसंबर 2026 तक चलेगी।

# *हलवासिया की 38 लाख शेयरों संग निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक में एंट्री*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निवेशक और उद्यमी आदित्य कुमार हलवासिया ने बाजार से बड़ी मात्रा में खरीदारी कर कर्नाटक बैंक में उल्लेखनीय हिस्सेदारी हासिल की है। बाज़ार विशेषज्ञ इसे निजी क्षेत्र के इस बैंक में उनकी लंबी और सार्थक साझेदारी की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं।

कर्नाटक बैंक इस समय अपने व्यवसाय और बैलेंस शीट में बड़े बदलावों के दौर से गुजर रहा है अधिक सक्रिय प्रबंधन, मजबूत होती एसेट क्वालिटी, तकनीक में तेज़ उन्नति और संचालन में लगातार सुधार ने बैंक की रफ्तार को नया रूप दिया है। ऐसे समय में, जब बैंक अपने समकक्षों की तुलना में अब भी आकर्षक और किफायती मूल्यांकन पर उपलब्ध है, हलवासिया की यह खरीद बाजार पर्यवेक्षकों के अनुसार बैंक के चल रहे टर्नअराउंड पर एक उच्च-विश्वास वाली बाज़ी मानी जा रही है। कर्नाटक बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ फिलहाल टूरिज़्म फ़ाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के बोर्ड में हैं वही संस्था जिसमें आदित्य कुमार हलवासिया सबसे बड़े शेयरधारक और निदेशक हैं। बोर्ड स्तर पर यह ओवरलैप बाज़ार में इस संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि हलवासिया वित्तीय सेवाओं के व्यापक परिदृश्य की गहरी समझ रखते हैं और ऐसी संस्थाओं को तरजीह देते हैं जिनमें मजबूत गवर्नेंस और ठोस विकास क्षमता हो।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **निकिता त्रिपाठी** प्रोप. बेग कारखाना, प्लॉट नंबर 6, अचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, ईंटखेड़ी–38, भोपाल मध्य प्रदेश **इसके अलावा:** 78, बी–सेक्टर, अवधपुरी विवेकानंद स्कूल के पास, भोपाल मध्य प्रदेश, ने **FIR No. 11128/19 U/s 138 NI Act थाना: हौज़ काज़ी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निकिता त्रिपाठी,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निकिता त्रिपाठी,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 11128/19 U/s 138 NI Act थाना: हौज़ काज़ी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **निकिता त्रिपाठी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री उर्वी गुप्ता**
**जेएमएफसी–01 कमरा नंबर 201**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16261/CD/2025**
**(Court Matter)**

## चिंतन

# पुतिन का दौरा नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद'

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा कई मायनों में काफी अहम है। यह अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश देने वाला भी माना जा रहा है। रूस ने जहां यूएनएससी में भारत की दावेदारी का समर्थन किया है, वहीं आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की प्रतिबद्धता भी दोहराई। दौरा भविष्य का वह रोडमैप है, जो भारत को एक मिलिट्री और इकोनॉमिक सुपरपावर बनाने के लिए तैयार किया गया , चाहे वह डिफेंस हो, स्पेस हो, परमाणु ऊर्जा हो या फिर ट्रेड। हर मोर्चे पर रूस ने भारत का हाथ मजबूती के साथ थाम लिया है। मोदी-पुतिन का 'रुबल-रुपया' पैक्ट बता रहा है कि दोनों महाशक्तियों ने डॉलर की बादशाहत को कुचलने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके साथ ही दुनिया की दो सबसे पुरानी और भरोसेमंद ताकतों ने पश्चिमी देशों को आईना दिखाते हुए एक नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद' कर दिया है। अमेरिका और यूरोप की तमाम धमकियों, प्रतिबंधों और कुटिल चालों के बावजूद पुतिन ने भारत की धरती पर कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी भव्य अगवानी की। यह दिखाता है कि रूसी राष्ट्रपति का यह दौरा सिर्फ एक कूटनीतिक नहीं, बल्कि पश्चिम देशों के लिए बड़ा संदेश है। पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को भी संबोधित किया। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत सह-उत्पादन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमति बनी। मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है, वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। दोनों देशों के बीच हेल्थ, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा, शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत करीब 19 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों नेताओं ने साफ कर दिया कि दो बड़ी शक्तियों के रूप में, उनकी यह साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक 'एंकर' (लंगर) की तरह है। यह अमेरिका की उस दादागिरी को सीधी चुनौती है, जो दुनिया को अपने हिसाब से चलाना चाहता है। रक्षा क्षेत्र हमेशा से भारत-रूस संबंधों की रीढ़ रहा है, लेकिन इस बार कहानी बदल गई है। अब भारत सिर्फ खरीदार नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को रूस ने अपना पूरा समर्थन दे दिया है। संयुक्त बयान के पैराग्राफ 28 से 31 में साफ लिखा है कि अब रिश्ता 'खरीद-फरोख्त' से आगे बढ़कर 'को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन' (सह-विकास और सह-उत्पादन) पर आ गया है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जो फैसला लिया है, वह डॉलर की बादशाहत को सीधा चुनौती है। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह व्यापार डॉलर में नहीं, बल्कि 'नेशनल करंसी' (रुपये और रुबल) में होगा। अब भारत का यूपीआई और रूस का एमआईआर या अन्य सिस्टम एक साथ काम करेंगे। माना जा रहा है कि इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंध धरे के धरे रह जाएंगे और बिना किसी रुकावट के व्यापार होगा।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड के आकर्षक स्थानों में से एक लुसाने शहर है जोकि अंगूरों के बागों के लिए जाना जाता है। लुसाने खेलों के लिए भी फेमस है, यहाँ पर हर साल हॉकी और फुटबाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसके साथ ही संस्कृति और कला में रूचि रखने वालों के लिए लुसाने में कई संग्रहालय और प्राचीन स्मारक भी है। पर्यटकों के लिए यह खूबसूरत शहर बहुत ही आनंद देने वाला है।

## आत्मबोध

डॉ. कविता सिंधू खरीटा



# स्व-चेतना में मन का अपनी ही गहराइयों से परिचय

खुद को समझने की यात्रा एक अचानक आई रोशनी से नहीं,बल्कि एक बहुत छोटे-से संशय, एक हल्की-सी खटपट या भीतर उठे किसी मौन प्रश्न से शुरू होती है। यात्रा की शुरुआत तभी होती है जब मन पहली बार यह स्वीकार करता है कि उसे सब कुछ पता नहीं, और शायद जो वह समझ रहा है, वह पूर्ण सत्य नहीं। यही वह प्रथम क्षण होता है जब भीतर की ज़मीन थोड़ा-सा हिलती है, और हम अपनी ही समझ, अपनी धारणाओं और अपने निष्कर्षों को पहली बार एक दूरी से देखने लगते हैं। जब मन अपने ही तर्कों पर प्रश्नचिह्न लगाने लगता है, तभी भीतर कहीं एक दीपक पहली बार टिमटिमाता है। यह प्रकाश बहुत तेज़ नहीं होता, पर इतना अवश्य होता है कि भीतर के अंधेरे को चुनौती दे सके। दूसरे चरण में हमें इन सवालों के उत्तर खोजने के लिए अपने ही भीतर उतरना पड़ता है,वहां जहां अक्सर हम जाना नहीं चाहते। यह यात्रा कभी बाहर की दुनिया में चलती है,तो कभी भीतर की गलियों में। कभी मन की पुरानी परतें खुलती हैं,तो कभी दूसरों की संवेदनाएं हमें नया आईना दिखाती हैं। धीरे-धीरे हम उस अवस्था में पहुंचते हैं! जहां आंखों से कम और हृदय से अधिक देखा जाता है। फिर आता है वह कठिन चरण,जहां समझ सिर्फ़ एक विचार नहीं रहती, वह जीवन बन जाती है। सीख को व्यवहार में उतारना, उसे आदतों, स्वभाव और निर्णयों में पिरोना, यही परिवर्तन का वास्तविक प्रारंभ है। इन्हीं चरणों से गुजरते-गुजरते एक दिन यह एहसास गहराई से बैठ जाता है कि हमारी रायें, विचार और मान्यताएं कुछ भी स्थिर नहीं हैं। सब कुछ बदलता रहता है इसीलिए न किसी निष्कर्ष पर अहंकार उचित है, न किसी मत पर अंतिम मुहर। जीवन निरंतर बहती हुई नदी है,और हमें भी उसके हर मोड़ के साथ स्वयं को नए रूप में गढ़ते रहना पड़ता है। जब यह साधना बार-बार दोहराई जाती है, तब कहीं जाकर हम सही और गलत के उस बेहद सूक्ष्म अंतर को पहचान पाते हैं, वह अंतर जो किसी पहाड़ जितना विशाल नहीं,बल्कि किसी नाजुक रेखा-सा महीन होता है। इसीलिए जीवन का हर पल, हर कदम ,थोड़ी-सी और जागरूकता,थोड़ा-सा और धैर्य, थोड़ी-सी और विनम्रता मांगता है। यही निरंतर सजगता मनुष्य को भीतर से परिपक्व बनाती है। आत्मबोध कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सतत बहती हुई साधना है। जो हर दिन, हर अनुभव और हर चुनौती के साथ हमें फिर से गढ़ती, संवारती और नया बनाती रहती है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



भारत-रूस संबंध

कांतिलाल मांडोत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ व राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है।

# आर्थिक सहयोग की मजबूत रणनीति

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंध अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक ऐसी स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरे हैं, जिन पर समय की मार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ और राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। हाल ही में हुई 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक ने इस विश्वास को और गहराई प्रदान की है। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा, रक्षा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसरों को जन्म देगी।

भारत और रूस का यह संकल्प केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर और विश्वसनीय साझेदारी का उदाहरण है। दुनिया तेजी से बदल रही है, सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, और आर्थिक निर्भरता को कम करने की आवश्यकता वैश्विक प्राथमिकता बन गई है। ऐसे दौर में यह द्विपक्षीय रणनीति न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संकेत देती है। रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे जनसंपर्क और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे मिलकर कार्य करेंगे और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की मजबूत दीवार बनेंगे। यह सहयोग सुरक्षा और विश्वास पर आधारित नए वैश्विक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिखर बैठक में कई अहम समझौते हुए हैं जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड, माइग्रेशन, पोलर शिपिंग और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा उर्वरक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिस पर दुनिया की नजर है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए उर्वरक आपूर्ति की स्थिरता बेहद अहम है, और रूस के साथ यह समझौता किसानों के लिए दीर्घकालिक राहत साबित हो सकता है। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा आगे बढ़ रही है। अगर यह समझौता साकार होता है, तो दोनों देशों के लिए व्यापार विस्तार, बाजार पहुंच और औद्योगिक सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे। इस संभावना ने वैश्विक शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि यह एशिया और यूरेशिया में आर्थिक ध्रुवीकरण को नई दिशा दे सकता है। रूस और भारत मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट विकसित कर रहे हैं जो यूरोप से एशिया तक व्यापार के स्वरूप को बदल देंगे। उत्तरी समुद्री मार्ग पर सहयोग और पोलर शिपिंग समझौता भविष्य के



लाजिस्टिक नेटवर्क का आधार बनने जा रहा है। भारत की वैश्विक व्यापार क्षमता इस सहयोग से कई गुना बढ़ जाएगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत और रूस की साझेदारी उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में रूस की सहायता से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट एशिया के सबसे बड़े परियोजनाओं में से एक है।


यह 6000 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र न केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह भारत की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल होगा। व्यापार की बात करें तो भारत और रूस का व्यापारिक संतुलन पिछले वर्ष 12 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह वृद्धि तेल आयात की वजह से और भी तेज हुई है, जो दोनों देशों के कुल व्यापार का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में रूस की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। ऊर्जा सुरक्षा हर अर्थव्यवस्था की नींव होती है और रूस इस क्षेत्र में भारत का स्थायी और विश्वसनीय साझेदार बन चुका है। रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह भारतीय सेना को आवश्यक हथियार और रक्षा उपकरण देना जारी रखेगा, जैसा कि वह पिछले 50 वर्षों से करता आ रहा है। यह सहयोग न केवल रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि सामरिक आत्मनिर्भरता और सुरक्षा नीति में स्थिरता भी प्रदान करता है। भारत और रूस की रक्षा साझेदारी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है, जिसमें विश्वास, तकनीक और दीर्घकालिक रणनीति का संतुलन देखने को मिलता है।

व्यापक दृष्टि से देखें तो भारत रूस संबंध केवल रणनीतिक या आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों की सशक्त कड़ी भी हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आदान प्रदान, पर्यटन और सामाजिक स्तर पर सहयोग एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यह संबंध दो महाशक्तियों के बीच आपसी सम्मान, समानता और निर्णय की स्वतंत्रता पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बैठक में स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की वजह से भारत रूस की दोस्ती और मजबूत हुई है। यह बयान दो नेताओं की व्यक्तिगत समझ का प्रतिबिंब है और यह भी दर्शाता है कि यह साझेदारी केवल सरकारों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वास की गहरी नींव पर टिकी है। आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नेता से नेता का संवाद जितना मजबूत होता है, उतना ही स्थायी सहयोग पैदा होता है। भारत रूस संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प अवसरों का विस्तार करने के साथ साथ चुनौतियों का समाधान भी है। दोनों देश जानते हैं कि आने वाले समय में ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, वैश्विक स्थिरता और आर्थिक विस्तार जैसे प्रश्नों पर उनका सहयोग दुनिया के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। आज जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं और आर्थिक प्रतिद्वंद्विता नई आकृतियां ले रही है, भारत और रूस का यह स्थिर और प्रगतिशील रिश्ता वैश्विक शांति और विकास का सशक्त आधार बन सकता है। दोनों देशों ने यह सिद्ध किया है कि वास्तविक साझेदारी दबावों में नहीं टूटती, बल्कि कठिनाइयों में और मजबूत होती है। 2030 तक का साझा रोडमैप न केवल भारत और रूस की आर्थिक ताकत को कई गुना बढ़ाएगा, बल्कि एशिया और यूरेशिया क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। यह रणनीति भविष्य की ऐसी मजबूत नींव है जिस पर आने वाली पीढ़ियां भी गर्व कर सकेंगी। भारत और रूस का यह अटूट रिश्ता आने वाले समय में वैश्विक संतुलन का नया सूत्र साबित हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित

दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे



संकलित

प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## शिमला में आईस स्केटिंग का लुत्फ उठाते पर्यटक



शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लगातार तापमान में गिरावट के चलते बर्फबारी हो रही है। ठंड के मौसम में पर्यटक आईस स्केटिंग का लुत्फ उठाते हुए।

## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी चल रहा है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। **-चेतन वर्मा**, दुर्ग

## करंट अफेयर


# राष्ट्रपति दिसानायके ने सहायता के लिए दिया थैंक्स



राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने 'दितवाह' आपदा के बाद आपातकालीन राहत सहायता के लिए भारत सहित 'मित्र पड़ोसी देशों' का आभार व्यक्त किया। 'दितवाह' चक्रवाती तूफान में 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी। श्रीलंका चक्रवात 'दितवाह' के बाद अचानक आई भीषण बाढ़, भूस्खलन और बुनियादी ढांचे के व्यापक नुकसान से जूझ रहा है। इस आपदा के कारण कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। भारत, 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत राहत प्रदान करने वाला पहला देश था। दिसानायके ने संसद में एक बयान में कहा, "इस स्थिति का सामना करना आसान नहीं है। हमारे पास इस तरह की गंभीर स्थिति का सामना करने के लिए आवश्यक उपकरण क्षमता का अभाव है। इसलिए मैं अपने पड़ोसी देशों का आभारी हूं कि उन्होंने हस्तक्षेप करते हुए हमारी सहायता की।" श्रीलंका को भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और मालदीव से सहायता मिली। इससे पहले दिसानायके ने 'एक्स' पर कई पोस्ट कर भारत और दक्षिण एशिया के अन्य देशों द्वारा दी गई त्वरित सहायता के लिए धन्यवाद दिया। दिसानायके ने पीएम नरेंद्र मोदी की सराहना की।

## ऑफ बीट


# संदर्भ स्पष्ट नहीं तो शब्दों का जबरदस्ती अनुवाद क्यों




अगर आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में पारंगत हैं तो आपने गौर किया होगा कि कुछ शब्दों का सटीक अनुवाद करना नामुमकिन होता है। किसी वस्तु के 'शिबुई' (एक प्रकार की सरल लेकिन कालातीत रूप से सुंदर) पर अचंभित होने वाले जापान के एक डिजाइनर अंग्रेजी में इसके लिए सटीक समानार्थी शब्द के अभाव से असमंजस में पड़ सकते हैं। पुर्तगाली भाषी लोग 'सौदादे' को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जो लालसा और उदासी का मिश्रण है। वहीं वेल्स के लोगों को 'हिराएथ' का अनुवाद करने में और भी ज्यादा मुश्किल होगी। भाषाई कैद विभिन्न भाषाओं के शब्द उनके बोलने वालों के विचारों और अनुभवों को अलग-अलग ढंग से विभाजित व संकुलित कर सकते हैं तथा 'भाषाई सापेक्षता' के सिद्धांत को मजबूती प्रदान करते हैं। 'सपिर-वॉर्फ' परिकल्पना के रूप में जाना जाने वाला यह सिद्धांत आंशिक रूप से अमेरिकी भाषाविद् एडवर्ड सपिर के 1929 के दावे से सामने आया है। सपिर ने दावा किया था कि भाषाएं लोगों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम करती हैं। अगर दानिश भाषी लोगों को 'हाइगे' का अनुभव होता है तो उनके पास इसके बारे में बात करने के लिए एक शब्द होना चाहिए लेकिन अगर अंग्रेजी भाषा में ऐसा नहीं होता है तो हमारे पास भी इसका अनुवाद नहीं होगा।

## ट्रेंड

### जैव विविधता की रक्षा



स्वस्थ मिट्टी जीवन का आधार है। आइए धरती की जैव विविधता की रक्षा करें, इसकी मज़बूती बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे। हर पारिस्थितिकी तंत्र मिट्टी से ही शुरू होता है। आइए इस ग्रह के लिए खड़े हों।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### सरकार का एकाधिकार



इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है - देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में। भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### भारत की बढ़ती ताकत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह टिप्पणी कि कोई भी शक्ति भारत पर हावी नहीं हो सकती, प्रशंसा से बढ़कर है, यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती ताकत की मान्यता है। एक नया भारत ऊँचा खड़ा है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भाजपा के असली इरादे



एसआईआर को लेकर भाजपा के असली इरादे अब सामने आ गए हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जनता को सीधी धमकी दी है कि जिनके नाम इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी सरकारी सुविधाएँ समाप्त कर दी जाएंगी।
**- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## लोकसभा से हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास

# सिगरेट-पान मसाला जैसे उत्पादों पर अब अतिरिक्त कर लगाएगी सरकार, सीतारमण ने सुरक्षा के लिए बताया अहम

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा से हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया है। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद सिगरेट-पान मसाला जैसे उत्पादों पर सरकार अब अतिरिक्त कर लगाएगी।




**कारगिल जैसी स्थिति दोबारा नहीं आने देंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा से हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया है। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद सिगरेट-पान मसाला जैसे उत्पादों पर सरकार अब अतिरिक्त कर लगाएगी। सरकार का कहना है कि इस बढ़े हुए टैक्स से आने वाले बजट को नेशनल सिक्योरिटी के लिए उपयोग किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी।

इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी होंगी। इस बिल पर चर्चा के दौरान संसद में लंबी बहस चली। दो दिन की बहस के बाद बिल लोकसभा से पास हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल की लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80 फीसदी ऑथराइज़्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्थिति दोबारा वापस आए।

### संसद की मंजूरी से रेट तय होंगे

सेस पूरी तरह संसद के अधिकार में है। रेट तय करने से लेकर हर प्रक्रिया हाउस की मंजूरी से होगी। सेक्शन 7 में पूरा फ्रेमवर्क साफ लिखा है। उन्होंने कहा कि अवगुण वाली चीजें सस्ती नहीं होंगी। राजस्व जुटाना जरूरी है ताकि देश की सुरक्षा और लोगों की हेल्थ दोनों मजबूत रह सकें। सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं लगेगा।


संसद में चर्चा का जवाब देतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

### पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी

उन्होंने कहा कि ये बिल पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का रास्ता खोलता है। मंत्रालय का फोकस लोगों की हेल्थ से जुड़ी रिस्क को कम करना है। ये सेस नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े फ्रंट पर भी मदद देगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कई अहम मुद्दों पर सरकार की पोजीशन साफ की। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया हाई टेक वार का दौर है। प्रिसिजन वेपन्स, स्पेस एसेट और साइबर ऑपरेशन जैसे सेक्टर बहुत महंगे हैं। कारगिल में भारत को इसलिए नुकसान हुआ क्योंकि सेना के पास बजट की कमी थी।

**पूरा फंड देश के लोगों की सुरक्षा में ही खर्च होगा**

इस दौरान सांसदों के विरोध पर वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय तीनों सेनाओं ने शानदार काम किया जिसमें टेक्निकल इंस्ट्रूमेंट्स की जरूरत पड़ी। यही मॉडर्न वॉरफेयर है और इसी के लिए हमें सेस लगाने की जरूरत है। ये पूरा फंड देश के लोगों की सुरक्षा में ही खर्च होगा। हम ये सेस केवल डीमेरिट गुड्स पर ही लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक वित्त मंत्री के रूप में उनका दायित्व धन जुटाना है।

### कुछ विपक्षी सांसदों ने किया विरोध

बिल पर चर्चा के दौरान सांसद हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है? कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज पीएमएलए में देखने को मिले थे।

**राजमार्ग मंत्री गडकरी ने बताया**

## पिछले साल सड़क हादसों में 1.77 लाख की हुई मौत



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि फरवरी 2020 में सड़क सुरक्षा पर तीसरे वैश्विक मंत्री स्तरीय सम्मेलन में अपनाए गए 'सड़क सुरक्षा पर स्टॉकहोम घोषणापत्र' में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों को 50 प्रतिशत तक कम करने का एक नया वैश्विक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने संसद को बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 2024 में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख से अधिक हो गई, जिसका अर्थ है कि हर दिन 485 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई।

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक**

## वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन नहीं बढ़ेगी

मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के



रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन बढ़ाने की संभावना से इनकार कर दिया है। रिजीजू ने शुक्रवार को कहा कि उन 'मुत्तवलियों' (वक्फ संपत्तियों की देखभाल करने वाले) को तीन महीने तक जुर्माने और किसी कठोर सजा से राहत दी जाएगी, जो रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके।किरेन रिजीजू ने बताया कि शुक्रवार सुबह तक 1.51 लाख संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था। मंत्री का यह भी कहना है कि जो लोग रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए हैं वो वक्फ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकते हैं।

### उम्मीद पोर्टल पर अब तक नहीं अपलोड की जा सकी डिटेल्स

केंद्र ने सभी वक्फ संपत्तियों की 'जियो-टैगिंग' के बाद डिजिटल सूची बनाने के लिए जून महीने में एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम केंद्रीय पोर्टल शुरू किया था।'उम्मीद' पोर्टल के प्रावधान के अनुसार देश भर में सभी रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियों का विवरण अनिवार्य रूप से छह महीने के भीतर अपलोड किया जाना है। रजिस्ट्रेशन के लिए छह महीने की मियाद शुक्रवार को खत्म हो रही है।

### वक्फ कानून पर ममता सरकार राजी

रिजिजू ने कहा कि वक्फ कानून बनाने के बाद हमने उम्मीद पोर्टल शुरू किया था और सभी वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए संबंधित पक्षों को 6 महीने का वक्त दिया गया था। अब भी लाखों संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। कई सांसदों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने पोर्टल की मियाद बढ़ाने का आग्रह किया। अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी भी वक्फ कानून मानने को राजी हो गई हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष समेत 112 पर मामला दर्ज

**चेन्नई।** पुलिस ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और



पार्टी के वरिष्ठ नेता एच राजा समेत 113 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन सभी ने 4 दिसंबर को तिरुपनरनकुंद्र पहाड़ी की चोटी पर दीप जलाने के लिए आयोजित एक प्रदर्शन में भाग लिया था। यह दीप स्तंभ तिरुपरमकुंद्रम की छोटी पहाड़ी पर एक दरगाह के पास स्थित है।

### कार ने दूल्हे के ताऊ चाचा, मौसा को कुचला

**कासगंज।** यहां के गंजडुंडवारा में खुशियों से सजे मंडप में चीख-



पुकार गूंज उठी। यहां के जेडएस पैलेस गेस्ट हाउस में विकास पुत्र रामसनेही यादव की शादी के चलते सुबह से ही चहल-पहल थी। डीजे की धुनों के बीच दूल्हे के तहेरे भाई धर्मेंद्र के साले कौशल यादव के दूल्हे के ताऊ गिरीश, सुरेश चंद्र, मौसा बृजेश को कार से रौंदने की खबर से अफरा-तफरी मच गई।

### विजयवाड़ा में कृष्णवेणी संगीता नीरजनम आज से

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय,



संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से तथा आंध्र प्रदेश पर्यटन और संस्कृति विभाग की सहायता से 6 और 7 दिसंबर को विजयवाड़ा में कृष्णवेणी संगीता नीरजनम के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। थीम 'तेलुगू संगीत परंपराओं की समृद्धि का उत्सव'है, जो आंध्र की पहचान को बल देगी।

### शाह 3 दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 3 दिनी गुजरात



दौरा शुक्रवार से शुरू हो रहा है। वे अहमदाबाद, गांधीनगर, सनादर , वाव-थराद और आसपास के क्षेत्रों में 25 से अधिक सार्वजनिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसका उद्देश्य राज्य में सहकारी क्षेत्र में सुधार, शहरी विकास, लोक कल्याण आदि है।

---

**टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर को मिली बड़ी राहत, किया बड़ा ऐलान**

# हाईकोर्ट ने बाबरी मस्जिद बनाने पर दखल देने से किया इनकार, हुमायूं आज रखेंगे 'आधार'

## बाबरी मस्जिद निर्माण मामले की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर


निलंबित विधायक हुमायूं कबीर

**मुर्शिदाबाद में आज नींव रखेंगे टीएमसी से रिश्ता तोड़ चुके कबीर**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण केस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने शांति की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ दी है। कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने का ऐलान किया है। विधायक ने अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर की है।फैसले पर कबीर ने कहा कि मैंने पहले ही कह दिया था कि मैं नींव रखूंगा। हाईकोर्ट के जज ने जो निर्णय लिया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं हाईकोर्ट के जज को बधाई देता हूं। यह मेरा संवैधानिक अधिकार है। जो लोग हाईकोर्ट गए थे, उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है। इसके साथ ही कबीर ने मस्जित निर्माण की तारीख भी मुकर्रर कर दी है। बताया जा रहा है कि इस मामले में उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से भी अपने रिस्ते तोड़ लिए हैं।

**मस्जिद बनाने से नहीं रोकेगा हाई कोर्ट**

**अदालत के फैसले पर कबीर ने जताई खुशी, जज को भी दी बधाई**


कलकत्ता हाईकोर्ट

### टीएमसी को सुनाया, इसी माह इस्तीफा देकर नई पार्टी बनाएंगे

टीएमसी ने विधायक कबीर को गुरुवार को पार्टी से निलंबित कर दिया था। निलंबन के कुछ ही देर बाद कबीर ने घोषणा की कि वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। इस महीने के अंत में अपनी पार्टी बनाएंगे और प्रस्तावित कार्यक्रम को बढ़ाएंगे, भले ही इसके लिए उन्हें 'गिरफ्तार' किया जाए या मार ही क्यों न दिया जाए?

### मैं अपने कार्यक्रम से पीछे नहीं हटूंगा

जब कबीर बहरामपुर में मुख्यमंत्री की एसआईआर विरोधी रैली के आयोजन स्थल पर बैठे थे, जहां तृणमूल ने उन्हें पहले आमंत्रित किया था। कबीर ने इसे 'जानबूझकर किया गया अपमान' बताया और कहा कि उनके खिलाफ 'साजिश' रची गई है। मुझे कोई पत्र नहीं मिला है। लेकिन मैं शुक्रवार या सोमवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दूंगा। कबीर ने कहा कि उनका नया संगठन अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 135 सीट पर उम्मीदवार उतारेगा।

### आज 12 बजे से 2 बजे के बीच करेंगे शुरुआत

मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित 'बाबरी मस्जिद' के निर्माण में दखल देने से कलकत्ता हाई कोर्ट के इनकार करने के बाद सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अब और आगे बढ़कर फ्रंट पिच पर खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखने के समय का ऐलान किया है। शुक्रवार को कबीर ने कहा कि बाबरी मस्जिद मॉडल की आधारशिला शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच रखी जाएगी।

**कबीर को शंकराचार्य का जवाब**

### बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट करना चाहिए




शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने को लेकर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाबर ने भारत में आकर आक्रमण किया और यह हमें पीड़ा पहुंचाने वाला काम है। आज की तारीख में अगर कोई व्यक्ति उसी के साथ अपने आप को खड़ा रखता है कि हम बाबर के लोग हैं तो बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट उनके साथ करना चाहिए।

**हाईकोर्ट बेंच पहुंचा मामला**

### मस्जिद ने मांगी थी लाउडस्पीकर की इजाजत कोर्ट ने किया खारिज

**नागपुर।** मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने लाउडस्पीकर के



इस्तेमाल की अनुमति देने के अनुरोध से संबंधित एक मस्जिद की याचिका खारिज कर दी। बेंच ने कहा कि मस्जिद को धार्मिक कार्यों को अधिकार का मामला बताकर लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने का हक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म में ध्वनि उपकरणों का इस्तेमाल करके या ढोल बजाकर प्रार्थना करने का आदेश नहीं है।न्यायमूर्ति अनिल पंसारे और न्यायमूर्ति राज वाकोड़े की बेंच ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा बार-बार सामने आ रहा है। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### मस्जिद गौसिया ने दायर की थी याचिका

यह याचिका गोंदिया जिले की मस्जिद गौसिया की ओर से दायर की गई थी। इसमें लाउडस्पीकर की अनुमति का अनुरोध था।

---

**संगरूर के भरूर में किसानों का बवाल**

# रेलवे गेट पर धरना देने अड़े 150 को ट्रैक से किया अरेस्ट

**रेल रोको आंदोलन की कर रहे थे तैयारी**



एजेंसी ▶▶ संगरूर

पंजाब के संगरूर जिले के गांव भरूर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। किसानों के प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन से पहले ही लगभग 150 किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों ने घोषणा की थी कि वे दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सुनाम रेलवे स्टेशन पर दो घंटे का धरना-प्रदर्शन करके रेल रोकेंगे, लेकिन प्रशासन ने इसे अनुचित बताते हुए आंदोलन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए।

घटना के बाद एसपी (डी) दविंदर अत्तरी ने कहा कि किसानों का रेल रोको आंदोलन कानून के तहत सही नहीं था, क्योंकि इससे आम जनता को असुविधा होती और रेलवे सेवाओं पर सीधा असर पड़ता। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पहले ही किसानों से अपील की थी कि वे इस तरह के आंदोलन से दूर रहें और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखें।

### किसान बड़ी संख्या में गांव भरूर पहुंचे थे

एसपी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि किसान बड़ी संख्या में गांव भरूर पहुंच चुके हैं और वहां रेलवे फाटक पर बैठकर प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसानों को समझाने की कोशिश की। किसानों को यह भरोसा दिलाने की भी कोशिश की कि उनकी बात प्रशासन तक पहुंचा दी जाएगी, लेकिन वे नहीं माने।

### प्रशासन के आगे किसानों की जिद नहीं चली

जब किसान अपनी योजना पर अड़े रहे और रेलवे फाटक पर धरने की तैयारी करने लगे, तो पुलिस ने लगभग 150 किसानों को अलग-अलग स्थानों पर हिरासत में लिया गया। हालांकि अभी कुल संख्या अस्पष्ट है, लेकिन प्राथमिक रूप से इतने ही किसानों को सुरक्षित ले जाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस का मकसद किसी भी प्रकार का टकराव पैदा करना नहीं था, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और रेलवे जैसी आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से चलाना उनकी प्राथमिकता थी। पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है और किसी भी नागरिक को कोई नुकसान न पहुंचे, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात:** इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसान संगठनों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताई जा रही है, जबकि प्रशासन इसे सुरक्षा के लिहाज़ से जरूरी कदम बता रहा है।

---

**राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला**

## बालिग मनमर्जी रिश्ते में रह सकते हैं, भले उनकी शादी की उम्र न हो

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि दो बालिग व्यक्ति यदि अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते हैं, तो वे विवाह योग्य आयु नहीं होने के बावजूद लिव-इन रिश्ते में रह सकते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल शादी की कानूनी उम्र पूरी न होने के आधार पर किसी के संवैधानिक अधिकारों को सीमित नहीं किया जा सकता। जस्टिस अनूप धंड ने यह फैसला उस याचिका पर सुनाया जिसमें कोटा निवासी 18 वर्षीय युवती और 19 वर्षीय युवक ने सुरक्षा की मांग की थी। दोनों ने



अदालत को बताया कि वे अपनी स्वेच्छा से साथ रह रहे हैं और 27 अक्टूबर को एक लिव-इन एग्रीमेंट भी किया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि युवती के परिवार वाले इस रिश्ते का विरोध कर रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर कोटा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

---

**रामलला के प्रथम दर्शन से भाव-विभोर हो गए तमिल प्रतिनिधियों के छात्र**

# उत्साह-आनंद हो गया अलौकिक, परिसर में गूंजा 'जय श्री राम'

## उत्तर और दक्षिण भारत की भक्ति परंपराओं का अद्भुत संगम दिखा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

**काशी तमिल संगमम 4.0**

काशी तमिल संगमम्‌ 4.0 के अंतर्गत आए छात्र समूह का दूसरा दिन अयोध्या में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आध्यात्मिक एकता का सशक्त प्रतीक बन गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे विशेष बस से जब छात्र श्री राम मंदिर धाम पहुंचे, तो पूरे परिसर में 'जय श्री राम' की गूंज ने वातावरण को उत्सवमय कर दिया। तमिलनाडु के विद्यार्थियों के उत्साह और आनंद से पूरा धाम आलोकित प्रतीत हो रहा था। छात्रों ने भगवान श्री रामलला के प्रथम दिव्य दर्शन किए, जिनसे वे भाव-विभोर हो उठे। विद्यार्थियों ने श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।


रामलला मंदिर के सामने तस्वीर भी खिंचाई

### यात्रा को बताया अत्यंत प्रेरणादायी

छात्रों ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। पहली बार उन्हें उत्तर भारत की आस्था, परंपरा और भक्ति की विराट संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से देखने-सुनने का अवसर मिला। छात्रों ने बताया कि अयोध्या का यह दिव्य अनुभव उनकी स्मृतियों में जीवनभर के लिए अमिट छाप छोड़ गया।

**'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और बल मिला**

यह कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूती से पोषित कर रहा है। उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक साझेदारी और परंपरागत संबंधों को सुदृढ़ करते हुए यह पहल देश की महान विरासत और सांस्कृतिक एकता से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

### प्रतिनिधिमंडल ने भव्य राम दरबार का अवलोकन भी किया

दर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने भव्य राम दरबार का अवलोकन किया, जहां भारतीय वास्तुकला की उत्कृष्ट कलात्मकता को नजदीक से देखने का अवसर मिला। फिर छात्र हनुमान गढ़ी पहुंचे और वहां की आध्यात्मिक ऊर्जा तथा भक्तिमय वातावरण ने उनकी यात्रा को और पवित्र बना दिया। राम की पैड़ी का भ्रमण किया। शांत और पवित्र सरयू नदी के तट पर विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण को महसूस किया।

## यूक्रेन के संकट पर पीएम मोदी ने रखा देश का पक्ष और बोले-

# भारत न्यूट्रल नहीं है, हम शांति के समर्थक, विश्व कल्याण के लिए यह जरूरी, पुतिन ने संघर्ष विराम प्रयासों के लिए पीएम को दिया धन्यवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। बैठक की शुरुआत में पीएम मोदी ने अपना संबोधन दिया। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपना संबोधन दिया। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत का पक्ष बिल्कुल साफ है कि हम शांति के साथ हैं। वहीं, यूक्रेन संकट सुलझाने की कोशिशों के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया।

पीएम मोदी ने भारत का पक्ष जाहिर करते हुए कहा कि शांति तलाशने के लिए पिछले दिनों से जो प्रयास चल रहे हैं, मुझे भरोसा है कि विश्व फिर से एक बार शांति की दिशा में लौटेगा। पिछले दिनों विश्व समुदाय के जितने भी नेताओं से मेरी बात हुई, मैंने हमेशा कहा है कि भारत न्यूट्रल नहीं है। भारत का जो पक्ष, वही शांति का पक्ष है। हम शांति के हर प्रयासों का समर्थन करते हैं और हम शांति के हर प्रयासों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विश्व का कल्याण शांति के मार्ग पर ही है। हम सबको मिलकर शांति के मार्ग तलाशने चाहिए।

### वैश्विक चुनौतियां जल्द ही पार कर ली जाएंगी

*पीएम मोदी ने विश्वास जताया विश्व फिर शांति की दिशा में लौटेगा*

*पुतिन बोले- संबंधों में पीएम खास और व्यक्तिगत ध्यान देते हैं*


राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी

पुतिन के साथ बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया ने कोविड-19 से लेकर आज तक कई संकटों का सामना किया है और उम्मीद जताई कि वैश्विक चुनौतियां जल्द ही पार कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया जाना चाहिए, और साथ मिलकर हमें नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखना चाहिए। इस तरह के आशावादी दृष्टिकोण के साथ हम अपनी बैठक को आगे बढ़ाएंगे। यह एक मजबूत विश्वास है।

### मेरे और आपके संबंधों को 25 साल हो गए

पीएम मोदी ने कहा कि '2001 में आपके (पुतिन) पदभार संभालने और पहली बार भारत आने के बाद अब 25 वर्ष हो चुके हैं। उस पहली यात्रा में ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की एक मजबूत नींव रखी गई थी। मेरे लिए खुशी की बात है कि आपके साथ मेरे संबंधों को भी 25 साल हो गए। मेरा मानना है कि आपने 2001 में जो भूमिका निभाई थी, वह इस बात का शानदार उदाहरण है कि एक दूरदर्शी नेता जहां से शुरू करता है, वह रिश्तों को कितनी ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

### यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम पर चर्चा जारी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका समेत कुछ साझेदारों के साथ मिलकर एक संभव शांतिपूर्ण बयान पर बात कर रहे हैं। इस परिस्थिति का समाधान ढूंढने में ध्यान देने के लिए भारत का धन्यवाद। पुतिन ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत-रूस के संबंधों को गहराई देने में वे खास और व्यक्तिगत ध्यान देते हैं। दोनों देशों ने आपसी रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया है। हाई-टेक एयरक्राफ्ट, अंतरिक्ष अन्वेषण और एआई समेत सहयोग के लिए और भी क्षेत्र खोल रहे हैं।


मिखाइल मुराश्को और जेपी नड्डा

### स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को अपने रूसी समकक्ष मिखाइल मुराश्को से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के साझा संकल्प को दोहराया।

### रात्रि भोज के बाद स्वदेश रवाना हुए पुतिन



शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया और उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। इसके बाद वे स्वदेश रवाना हो गए।

### गार्ड ऑफ ऑनर दिया


रूसी राष्ट्रपति पुतिन गार्ड निरीक्षण करते हुए।

*शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और पीएम मोदी से हाथ मिलाया। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति को तीनों सेनाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पहले रूस का राष्ट्रगान और फिर भारत का भी राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन ने गार्ड निरीक्षण भी किया। रूसी राष्ट्रपति ने सिर हिलाकर सम्मान को स्वीकार किया। गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित होने के बाद पुतिन ने वहां मौजूद रूसी प्रतिनिधिमंडल में आए अधिकारियों से राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी की मुलाकात कराई।*

## महात्मा गांधी ने विश्व शांति के लिए अमूल्य योगदान दियाः पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) कीर्ति वर्धन सिंह के साथ थे। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति ने एक विजिटर बुक पर हस्ताक्षर भी किया, जिस पर एक संदेश में पुतिन ने लिखा कि आधुनिक भारत के संस्थापकों में से एक के रूप में उन्होंने विश्व शांति के लिए अमूल्य योगदान दिया। राष्ट्रपति पुतिन ने लिखा कि आधुनिक भारत के फाउंडर्स में से एक, महान दार्शनिक और मानवतावादी महात्मा गांधी ने विश्व शांति में एक बहुमूल्य योगदान दिया। आजादी, अच्छाई और इंसानियत पर उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। महात्मा गांधी ने लियो टॉल्स्टॉय को लिखे अपने खतों में, दुनिया के भविष्य के बारे में विस्तार से बात की थी, जो आदेश और दबदबे से आजाद हो, और लोगों के बीच बराबरी, आपसी सम्मान और सहयोग के सिद्धांत पर आधारित हो। और यही वो सिद्धांत और महत्व हैं जिनका रूस और भारत आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिलकर बचाव करते हैं।


राष्ट्रपति पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।


मैक्सिम रेशेतनिकोव और पीयूष गोयल

### आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देंगे दोनों देश, नए क्षेत्रों में तलाशी संभावनाएं

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव से मुलाकात की और कई क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना है। रूस में औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों की बड़ी मांग है, जिससे भारतीय उद्योगों को महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। मंत्री गोयल ने कहा कि ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर, भारी व्यावसायिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, डेटा-प्रोसेसिंग उपकरण, भारी मशीनरी, औद्योगिक घटक, वस्त्र और खाद्य उत्पाद जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी उपस्थिति को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकता है। दोनों देशों का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 70 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में मुनीर पहले सीडीएफ बने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ



डिफेंस फोर्सेज नियुक्त कर दिया है। उनका कार्यकाल 5 साल का होगा। पीएम शहबाज शरीफ ने मुनीर को आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज दोनों पदों के लिए जो सिफारिश भेजी थी, उसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति भवन ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा कि आसिम मुनीर को एक साथ दोनों पदों पर अगले पांच वर्षों के लिए नियुक्त किया।

### कार्की ने चुनाव की तैयारियों पर की बैठक

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, चुनाव आयोग के



अधिकारियों और जेन-जी समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में अगले साल होने वाले आम चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य फोकस मार्च 5 को प्रस्तावित प्रतिनिधि सभा के चुनाव की तैयारियों पर रहा। बैठक पीएम के आधिकारिक निवास बालुवाटार में हुई जिसमें चुनाव आयोग के अधिकारियों, नेपाली कांग्रेस, समेत अन्य दलों के नेता भी मौजूद रहे थे।

### अमेरिका ने ड्रग तस्करी नौका को बनाया निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना की दक्षिणी कमांड ने बताया है कि उन्होंने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक और नौका को निशाना बनाया है।



नौका के जरिए ड्रग तस्करी की जा रही थी। यह हमला अमेरिकी सेना का कैरेबियाई सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में किया गया 22वां हमला है, जिसमें चार लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। हमले के बाद अमेरिका के ड्रग तस्करी की संदिग्ध नौकाओं को निशाना बनाने में अब तक करीब 87 लोगों की मौत हो चुकी है। इन नौकाओं के जरिए यूएस में ड्रग तस्करी की जा रही है।

## पुतिन के भारत दौरे के बीच अमेरिकी कांग्रेस का महत्वपूर्ण फैसला

# अमेरिकी हाउस पैनल 10 दिसंबर को भारत व यूएस रणनीतिक साझेदारी की करेगा समीक्षा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के दौरान भारत और रूस के बीच कूटनीतिक, राजनयिक और आर्थिक में संबंधों को और मजबूती मिली है। दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसे ध्यान में रखते हुए अमेरिकी कांग्रेस की एक प्रमुख कमेटी ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की साउथ और सेंट्रल एशिया सब-कमेटी अगले सप्ताह 10 दिसंबर को एक सार्वजनिक बैठक आयोजित करने जा रही है, जिसमें भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की दिशा और भविष्य पर चर्चा होगी। बैठक में दोनों देशों के बीच बदलते रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस उप समिति के अनुसार, बैठक का विषय 'अमेरिका–भारत स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपः एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा' रखा गया है। मिशिगन से सांसद बिल ह्यूजेंगा की अध्यक्षता वाली यह उप समिति उन प्रमुख विशेषज्ञों की राय सुनेगी, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर लंबे समय से नजर रखे हुए हैं। इन विशेषज्ञों में हेरिटेज फाउंडेशन के एशियन स्टडीज सेंटर के डायरेक्टर जेफ स्मिथ, ओआरएफ अमेरिका के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर, और जर्मन मार्शल फंड (अमेरिका) के इंडो-पैसिफिक प्रोग्राम के सीनियर फेलो समीर लालवानी शामिल हैं। जेफ स्मिथ, ध्रुव जयशंकर और समीर लालवानी वॉशिंगटन डीसी में रहने वाले भारतीय मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ हैं। बैठक में भारत के रक्षा आधुनिकीकरण, अमेरिका के साथ बढ़ती सैन्य साझेदारी, तकनीकी सहयोग, क्षेत्रीय कूटनीति और इंडो-पैसिफिक में नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है।

रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर ध्यान देंगे | हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर नजर

### अमेरिकी कांग्रेस से मिल रहा लगातार समर्थन


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

*यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब भारत और अमेरिका अहम तकनीकों, समुद्री सुरक्षा और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए कई संयुक्त कदम उठा रहे हैं। भारत–अमेरिका साझेदारी को अमेरिकी कांग्रेस से लगातार समर्थन भी मिलता रहा है, जहां कई सांसद नई दिल्ली को इंडो-पैसिफिक में अमेरिकी रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ मानते हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों ने अमेरिका–भारत महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकी पहल (आईसीईटी) के तहत सहयोग को तेज किया है, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और डिफेंस इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुले हैं।*

### एच-1बी और एच-4 वीजा के बदले नियम

अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के लिए प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा आवदेकों और उनके एच-4 आश्रितों के लिए सोशल मीडिया जांच अनिवार्य कर दी है। यह नियम 15 दिसंबर से लागू होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एच-1बी वीजा के सभी आवेदकों और उनके एच-4 आश्रितों, एफ, एम और जे गैर-आप्रवासी वीजा के सभी आवेदकों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपनी सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग को 'पब्लिक' कर दें।

### ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई

### फिर बोले- 'हम दुनिया में शांति ला रहे'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं।

## पेंटागन रिपोर्ट में खुलासाः रक्षा मंत्री ने गोपनीय जानकारी साझा की

पेंटागन के इंस्पेक्टर जनरल की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में होने वाले एक सैन्य हमले की संवेदनशील जानकारी अपने निजी फोन और अनधिकृत मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर साझा की थी। यह कदम अमेरिकी सैनिकों और उनके मिशन के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता था। हेगसेथ ने जिन जानकारियों को भेजा (जैसे हमले का समय और विमानों की संख्या) वह संवेदनशील थीं और दुश्मन देशों या हूती मिलिशिया के हाथ लगने पर अमेरिकी पायलटों का मिशन असफल हो सकता था। हेगसेथ के पास जानकारी 'डिक्लासिफाई' करने का अधिकार था, लेकिन संवेदनशील सैन्य जानकारी निजी फोन पर साझा करना विभागीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी अगर यह जानकारी अमेरिकी विरोधियों के हाथ लग जाती, वे हमलों से बचने या पलटवार करने की स्थिति में आ जाते।



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ

## पाक संसदीय समिति की रिपोर्ट में खुलासा

# अल्पसंख्यकों के 1817 मंदिर-गुरुद्वारों का हाल बेहाल, सिर्फ 37 सही मिले

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक ससंदीय समिति की रिपोर्ट में पड़ोसी देश के अंदर हिंदुओं की स्थिति को लेकर एक बेहद ही चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पाकिस्तान में हिंदुओं और सिखों के धार्मिक स्थलों की संख्या भी लगातार घट रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 1817 हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों में से अब सिर्फ 37 ही चालू स्थिति में हैं। ये आंकड़े एक गंभीर वास्तविकता को उजागर करते हैं और पाकिस्तान की पीएम शहबाज शरीफ की सरकार पर बढ़ा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। अल्पसंख्यक कॉकस पर संसदीय समिति के सामने पेश की गई एक हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि पूरे पाकिस्तान में 1,285 हिंदू मंदिरों और 532 गुरुद्वारों में से सिर्फ 37 ही चालू स्थिति में हैं। अन्य धार्मिक स्थल खराब सरकारी रखरखाव और हिंदू व सिखों की घटती आबादी के कारण जर्जर होते जा रहे हैं। समिति का संयोजक चुने जाने के बाद सीनेटर दानिश कुमार ने संकल्प लिया कि कॉकस अल्पसंख्यक सुरक्षा के सांविधानिक वादों को मूर्त रूप देने के लिए प्रयास करेगा। समिति के पहले सत्र में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को सांविधानिक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय और समानता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल नीतिगत सुधारों को लागू करें।


पीएम शहबाज शरीफ

### आतंकी घटनाओं में 25% इजाफा

पाकिस्तान में आतंकवाद फिर बढ़ रहा है और 2025 में हिंसक घटनाएं 25 फीसदी बढ़ी हैं। खैबर पख्तूनख्वा सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यह खुलासा इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक अनुसंधान और सुरक्षा अध्ययन केंद्र (सीआरएसएस) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में हुआ है। सीआरएसएस के मुताबिक,जनवरी से नवंबर 2025 तक दर्ज की गई कुल 3,187 मौतों में से 96 फीसदी से अधिक और हिंसा की सभी घटनाओं में से 92 फीसदी खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुई। 2024 में 2,546 लोग मारे गए थे, यानी बीते साल से लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024 में 2,546 मौतें और 1,981 लोग घायल हुए थे।

### इस साल 1,188 हिंसक घटनाएं दर्ज

रिपोर्ट के अनुसार इस साल 1,188 हिंसक घटनाएं दर्ज हुईं। इनमें आतंकी हमले और जवाबी कार्रवाई शामिल रही। ये ज्यादातर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान से बढ़ते तनाव और झड़पों के बाद खैबर पख्तूनख्वा में हाल के महीनों में हिंसा चरम पर है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने नवंबर 2022 में युद्धविराम टूटने के बाद हमले फिर शुरू कर दिए।

## दिल्ली बम धमाका मामला

# उमर के दोस्त शोएब को राहत नहीं एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लाल किला बम ब्लास्ट मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी फरीदाबाद निवासी शोएब की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत 10 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। यह निर्णय तब आया जब शोएब की पूर्व में दी गई 10 दिनों की कस्टडी समाप्त हो गई और उसे कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। लाल किला बम ब्लास्ट मामला एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिसमें कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां हुई हैं। उसकी पिछली हिरासत के दौरान एनआईए ने उससे गहन पूछताछ की थी और मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया था। 10 दिनों की कस्टडी समाप्त होने के बाद, शोएब को पटियाला हाउस कोर्ट में न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एनआईए ने कोर्ट से आरोपी की कस्टडी बढ़ाने की मांग की, जिसके पीछे मामले की आगे की जांच, अन्य आरोपियों की पहचान और संभावित षड्यंत्र के खुलासे जैसे तर्क दिए गए। कोर्ट ने एनआईए की दलीलों को स्वीकार करते हुए शोएब को 10 दिनों की और एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।



पटियाला हाउस कोर्ट

## राजस्थान में भारत-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

# 18 दिसंबर तक चलेगा 'हरिमौ शक्ति-2025' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मलेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमौ शक्ति-2025' का पांचवां संस्करण शुक्रवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हो गया। यह अभ्यास 5 से 18 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस बार भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ियां कर रही हैं, जबकि मलेशियाई पक्ष का प्रतिनिधित्व रॉयल मलेशियाई सेना की 25वीं बटालियन की टुकड़ियां कर रही हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय 7 के अंतर्गत उप-पारंपरिक अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है।

## भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ी कर रही

### सामरिक कार्रवाईयों का करेंगे अभ्यास


युद्धाभ्यास शुरू करने से पूर्व भारत–मलेशिया की सेनाएं

इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रियाओं का समन्वय करना है। दोनों पक्ष घेराबंदी, खोज और विध्वंस अभियानों, हेलीबोर्न अभियानों आदि जैसी सामरिक कार्रवाइयों का अभ्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त, आर्मी मार्शल आर्ट्स रूटीन (एमएआर), कॉम्बैट रिफ्लेक्स शूटिंग और योग भी अभ्यास का हिस्सा होंगे। अभ्यास में, दोनों पक्ष आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान हेलीपैड सुरक्षित करने और हताहतों को निकालने के लिए अभ्यास करेंगे।

### आपसी संचालन क्षमता होगी बेहतर

सामूहिक प्रयासों का उद्देश्य सैनिकों के बीच बेहतर अंतर-संचालन क्षमता प्राप्त करना और शांति वाहक प्रचालनों के दौरान संयुक्त राष्ट्र के हितों और कार्यसूची को सर्वोपरि रखते हुए जान-माल के जोखिम को कम करना है। दोनों पक्ष युद्ध कौशल के व्यापक क्षेत्र पर विचारों और संयुक्त अभ्यासों के अभ्यासों का आदान-प्रदान करेंगे जिससे प्रतिभागियों को एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिलेगा।

### द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा

सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करने से भारतीय सेना और रॉयल मलेशियाई सेना के बीच रक्षा सहयोग का स्तर और बढ़ेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा देगा।

## डॉ. यादव ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने के संबंध में ली बैठक

# समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर कृषि वर्ष के रूप में मनेगा वर्ष 2026: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि का क्षेत्र गरीब वर्ग और किसानों को लाभ पहुंचाने वाला मुख्य क्षेत्र है। इसके माध्यम से युवाओं को रोजगार और स्वावलंबन के कई अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य से प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

■ उन्नत कृषि के माध्यम से किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि के लिए हों प्रयास

प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में नवाचार की पर्याप्त संभावना है। प्रदेश की विविधता से परिपूर्ण भौगोलिक स्थिति को देखते हुए खेती से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को गति दी जाए। धान की खेती को प्राथमिकता देने के साथ गेहूं, चना, दलहन, तिलहन आदि के क्षेत्र में भी अन्य राज्यों के साथ ही अन्य देशों में हो रहे नवाचारों से अवगत कराने के लिए कृषकों को विविध देशों का भ्रमण कराया जाए। डॉ. यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को वर्ष 2026 के कृषि वर्ष मनाने के संबंध में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव, मंत्री कंषाना, पटेल, पूर्व मंत्री भार्गव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 को समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की टैगलाइन के साथ कृषि वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस रहेगा। किसानों की आय दोगुनी करने से आगे बढ़कर कृषि को लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक प्रेरित, रोजगार सृजन मॉडल में परिवर्तित करना कृषि वर्ष का मूल उद्देश्य है। अतः आत्मनिर्भर किसान, उन्नत कृषि और कृषकों के हित में बाजार से संबंधों के आधार पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के माध्यम से समृद्ध प्रदेश के निर्माण के विजन से गतिविधियां संचालित की जाएं। प्राकृतिक खेती, डिजिटल सेवाओं, प्रसंस्करण एवं निर्यात उन्मुख कृषि से किसान की शुद्ध आय में वृद्धि के लिए प्रयास हों और ग्रामीण युवाओं के लिए नई पीढ़ी के कृषि आधारित रोजगार जैसे ड्रोन सर्विस, खाद्य प्रसंस्करण, हाइड्रोपोनिक्स आदि के अवसरों का सृजन किया जाए।

### कृषि वर्ष का मासिक कैलेंडर तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में कृषि वर्ष का मासिक कैलेंडर तैयार किया गया, जिसमें राज्य से जिला स्तर तक महोत्सव, मेले आदि की रूपरेखा बनी। गैर सरकारी और उन्नत किसानों को भी इन प्रयासों से जोड़ा जाएगा। कृषि वर्ष 2026 में प्राकृतिक खेती को हर गांव तक पहुंचाने, कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार मूल्य उपलब्ध कराने, कृषि मंडियों के आधुनिकीकरण, पशुपालन और मछली पालन में नवाचार पर विशेष फोकस रहेगा।

### एक बीघा से एक लाख रुपए की कमाई करने वाले किसानों को किया जाए सम्मानितः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लखपति दीदी के समान लखपति बीघा का लक्ष्य रखते हुए एक बीघा से एक लाख रुपए की कमाई करने वाले किसानों को सम्मानित करेंगे। किसानों को बिचौलियों से बचाने और बाजार में उपज का सीधे लाभ दिलाने की व्यवस्था हो। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने और अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर बेहतर उपज लेने ग्राम स्तर पर सघन गतिविधियां संचालित की जाएं।

### जिला मुख्यालय पर आयोजित होंगी गतिविधियां

कृषि वर्ष में होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत राज्य स्तरीय एग्रो विजन कार्यक्रम और प्रत्येक जिला और विकासखंड स्तर पर मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, आधुनिक कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के संबंध में गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी के लिए भी जिला मुख्यालय पर गतिविधियां होंगी। साथ ही मोटे अनाज, गोपालन और दुग्ध उत्पादन, मखाना, मशरूम, मधुमक्खी पालन, धान, आम, सोयाबीन, कृषि उपज निर्यात, कपास, मिर्च, मत्स्य पालन आदि पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### खिलाड़ी दुर्गा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को भोपाल स्थित अपने निवास पर ब्लाइंड विमेंस वर्ल्ड कप विजेता टीम की खिलाड़ी, बैतूल की बेटी दुर्गा यादव येवले को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा बैतूल सहित पूरे देश की युवा पीढ़ी और बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जिन्होंने विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार कर अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### निगम ने अरेरा कॉलोनी में अवैध छत तोड़ी

**भोपाल।** नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा की बिना अनुमति के अरेरा कॉलोनी में एक आवास की छत को तोडने की कार्रवाई शुक्रवार को निगम अमले ने की। इसके अलावा हलालपुर क्षेत्र में अवैध रूप से बने 3 शेड तथा बैरागढ़ रोड लालघाटी क्षेत्र में अवैध रूप से 5 शेड व पक्का निर्माण भी तोड़ा। भवन अनुज्ञा शाखा की इस कार्रवाई में निगम का अतिक्रमण विरोधी अमला मौजूद रहा। नगर निगम के अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध रूप से बने टपरे व सीवेज लाइन पर अवैध रूप से किए गए निर्माण को भी ढहाया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते के कई दलों ने एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया।

### निजी अस्पताल के मेल नर्स ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कृषक नगर करोंद में निजी अस्पताल के मेल नर्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उसका शव लेकर अपने गांव शमशाबाद विदिशा निकल गए। पुलिस ने मेल नर्स का मोबाइल जब्त किया है। सीडीआर निकलवाई जा रही है। पुलिस के अनुसार छोटू राजपूत पिता कमल राजपूत (26) शमशाबाद जिला विदिशा का रहने वाला था। वह निशातपुरा स्थित निजी अस्पताल में मेल नर्स था और यहां कृषक नगर में कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी उस समय लगी जब उसका दोस्त कमरे पर पहुंचा।

## डॉ. यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दिए नियुक्ति-पत्र

# यशोदा मैया की तरह आंगनबाड़ी में बच्चों को प्रदान करें शिक्षा-संस्कार

पहली बार ऑनलाइन हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती

अब तक 1091 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 10 हजार 984 सहायिकाओं की नियुक्ति हुई


नियुक्ति पत्र प्रदान करते सीएम डॉ. यादव, मंत्री निर्मला, विधायक अर्चना।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से कहा है कि आपकी जिम्मेदारी यशोदा मैया की तरह है, जिस प्रकार उन्होंने गोपाल कृष्ण का पालन-पोषण कर उन्हें संस्कार प्रदान किए, उसी तरह आप भी आंगनबाड़ी में आने वाले हर बच्चे की देखभाल श्रीकृष्ण की तरह करें। नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र के रूप में बच्चों की मुस्कुराहट, पोषण और माताओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने का वचन पत्र सौंपा जा रहा है। हमें विश्वास है कि हमारी बहनें अपना दायित्व पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता से निभाएंगी और प्रदेश को कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में विजय दिलवाएंगी। डॉ. यादव शुक्रवार को पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया से नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान कर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विधायक अर्चना चिटनिस सहित जन प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने प्रतीक स्वरूप तीन नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए।

### आंगनबाड़ी वाली दीदी जैसा सम्मान अन्य को नहीं: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भी गांवों में आंगनबाड़ी वाली दीदी को जो सम्मान मिलता है, उतना किसी और को नहीं मिलता। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका परिवार की सदस्य बन जाती हैं। न्यू इंडिया की मजबूत नींव मातृ शक्ति से ही बनती है। हमारी आंगनबाड़ी की बहनें इसे सार्थक कर रही हैं। यह बहनें केवल कार्यकर्ता नहीं अपितु गांव की पहली गुरू और पहली पोषण दूत हैं। इनकी वजह से लाखों बच्चों में कुपोषण कम हो रहा है और गर्भवती माताओं में जागरूकता बढ़ रही है। स्कूलों में ड्राप आउट रेट में भी कमी आई है। राज्य सरकार बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। नगरीय निकायों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा में वृद्धि की गई है। साथ ही बहनों के रोजगार के लिए उद्योग समूहों को भी राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

### ऑनलाइन भर्ती करने वाला पहला राज्य बना मप्र

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां पहली बार आंगनबाड़ी स्तर पर भर्ती के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई गई। प्रदेश में अब तक 1091 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 10 हजार 984 सहायिकाओं की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। शेष पद भरने के लिए भी तेजी से प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप 50 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

### सॉलिडरीडाड, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान ने की 'रतन लाल अवॉर्ड्स' की शुरुआत



**भोपाल।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर सॉलिडरीडाड और भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान ने भोपाल में प्रोफेसर रतन लाल अवॉर्ड्स की शुरूआत की। इन अवॉर्ड्स का उद्देश्य देश में मिट्टी की सेहत, टिकाऊ खेती और पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा देने वाले उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना है। दुनिया के जाने-माने मृदा वैज्ञानिक, वर्ल्ड फूड प्राइज विजेता और मिट्टी में कार्बन बढ़ाने के वैश्विक विशेषज्ञ पद्मश्री प्रोफेसर रतन लाल कार्यक्रम में अमेरिका से ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम में पहला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड पद्मश्री डॉ. एमएच मेहता को उनके लंबे समय से इको-एग्रीकल्चर और मिट्टी के संरक्षण में किए गए कार्यों के लिए दिया गया। इसके अलावा देशभर के 13 अन्य विशेषज्ञों और संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनोरंजन मोहंती, निदेशक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान ने कहा कि इन पुरस्कारों का आयोजन करना महत्वपूर्ण है। आयोजन उन नवाचारी व्यक्तियों को साथ लाया है, जो भारत की मिट्टी और कृषि प्रणालियों में बदलाव ला रहे हैं।

## अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष परमार ने संभाला पदभार

# कांग्रेस एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है : खंडेलवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अजा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार को पदभार ग्रहण कराकर प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि देश की आजादी के बाद से आज तक के इतिहास में देश में भारतीय जनता पार्टी एकमात्र राजनीतिक दल है, जो सभी समाज वर्गों को साथ लेकर कार्य कर रही है। आजादी के बाद लंबे समय तक समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदाय में यह भ्रांतियां रही कि कांग्रेस ही उनके अधिकारों की संरक्षक है। लेकिन कांग्रेस की नीतियों और सरकारों के कार्यों ने साबित कर दिया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, जनजाति और अल्पसंख्यक समाज को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ षड्यंत्र करके उन्हें आगे बढ़ने से रोका था।

## इंद्रपुरी में इंजीनियरिंग छात्र से मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी में कुबेर डेयरी के पास बाइक सवार झपटमारों ने पैदल जा रहे इंजीनियरिंग छात्र के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना गरुवार रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास की है। छात्र ने तत्काल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात झपटमारों पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार नमन साहनी पिता गुलशन साहनी (21) शर्मा ब्वायस हॉस्टल, प्रेस कॉलोनी आनंद नगर में रहता है। वह मूलतः अंबेडकर वार्ड, वार्ड नंबर21, गायत्री नगर कटनी का है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह इंद्रपुरी जा रहा था। पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

# इंटक के पूर्व अध्यक्ष त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि पर अस्पताल में व्हीलचेयर डोनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो।

श्रमिक जगत के जाने माने इंटक नेता स्व आरडी त्रिपाठी की प्रथम पुण्य तिथि भेल में मनाई गई। इंटक अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने नेतृत्व में प्रतिनिधी मंडल के साथ सोनागिरी स्थित बीमा अस्पताल जाकर वहां भर्ती मरीजों को फल वितरित किया।

राजेश शुक्ला ने कहा कि श्रमिक जगत के पुरोधा स्वर्गीय आरडी त्रिपाठी की आज प्रथम पुण्यतिथि है। आरडी त्रिपाठी भेल भोपाल ही नहीं संपूर्ण देश के श्रमिक नेता थे। उन्होंने पूरे प्रदेश के श्रमिकों के लिये अनेक लड़ाई लड़ी, कई बार जेल गए, लाठी खाई, कई बार सस्पेंड हुए और अपने जीवन के अंतिम समय तक श्रमिकों के हितो के लिए संघर्ष करते रहे। आरडी त्रिपाठी की पुण्यतिथि के अवसर कस्तूरबा अस्पताल में मरीजो की सुविधा के लिए व्हीलचेयर सहयोग स्वरुप डोनेट किया गया।

### पांच वर्षों के आंकड़ों को एक वर्ष का बताकर जनता को गुमराह कर रही है कांग्रेस

**भोपाल।** भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लेकर लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन और राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया है। विधायक शर्मा ने कहा कि पांच वर्षों के आंकड़ों को एक वर्ष का बताकर कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। कांग्रेस के शासनकाल में नेशनल हेल्थ मिशन, दवाओं की खरीदी और एम्बुलेंस टेंडर में भी रिश्वत चलती थी। उन्होंने कहा कि कांगेस के नेताओं के पास आज भी लगाए गए आरोपों को लेकर कोई प्रमाण नहीं है।



## सुभाष नगर से एम्स तक 7.5 किमी के कॉरिडोर में एक दर्जन वाहनों से मेट्रो के अधिकारी पहुंचे

# प्रायोरिटी कॉरिडोर में दिन भर रही हलचल, घूमे मेट्रो के अधिकारी, निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएमआरएस से मप्र मेट्रो को एनओसी मिलने के बाद शुक्रवार को भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर में न सिर्फ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया, बल्कि प्रत्येक स्टेशन पर चल रहे कामों को पूरा करने में अचानक तेजी नजर आई। एक दर्जन से ज्यादा वाहनों के काफिले के साथ अधिकारी दिनभर घूमे।

मेट्रो प्रबंधन 13 दिसंबर को संभावित लोकार्पण को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आया। फिनिशिंग और अधूरे कामों को पूरा करने के लिए कर्मचारियों की संख्या भी



बढाई गई है। दिनभर कर्मचारी व्यवस्थाएं चकाचक करने में जुटे रहे। सुभाष नगर, केवी, एमपी नगर, आरकेएमपी, अल्कापुरी व एम्स स्टेशन पर अधिकारियों ने टीम ने स्टेशनों पर फिनिशिंग, सफाई और अन्य तकनीकी काम देखे। केवी और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड को दुरस्त करने का काम भी तेज हो गया।

### सात दिन में कमियां पूरी करना बड़ी चुनौती

वर्तमान में यात्री सुविधाओं को लेकर चल रहे बाहरी कामों को पूरा करना मेट्रो प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। दो स्थानों पर रोड का काम चल रहा है, जबकि सुभाष नगर में मेट्रो स्टेशन के नीचे निर्माण कार्य चल रहा है। इसी तरह एम्स, अवधपुरी में भी कम चल रहे हैं। यहां जल्द काम पूरे हों इसके लिए दो शिफ्ट में कर्मचारी लगाए गए हैं। कुछ स्टेशनों पर पार्किंग की व्यवस्था को लेकर भी मेट्रो प्रबंधन प्लान कर रहा है।

### रोड पर काम पूरा होने पर लोनिवि को करेंगे हैंडओवर

सुभाष नगर और केवी स्टेशन के नीचे रोड को दुरुस्त करने के बाद उसे लोक निर्माण विभाग के हैंडओवर किया जाना है। दोनों सडकों पर एक लेन से आवाजाही हो रही है, लेकिन अगले सात दिन में काम पूरा किया जा सके इसके लिए संसाधन बढ़ा दिए गए हैं।

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मप्र को सफलता

# अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर लाचुंगपा सिक्किम से हुई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में वन एवं वन्यजीव के संरक्षण के लिए लगातार समग्र प्रयास किए जा रहे हैं।

इस दिशा में कार्रवाई करते हुए स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मप्र एवं वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली ने 10 साल से वांछित, अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर यांगचेन लाचुंगपा को 2 दिसम्बर को भारत-चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास लाचंग, मंगन, जिला उत्तर सिक्किम (सिक्किम) में कई महीनों की कड़ी मेहनत के उपरांत गिरफ्तार किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में बाघ एवं पेंगोलिन के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों व पेंगोलिन के स्केल की नेपाल के रास्ते चीन में अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध जुलाई 2015 में प्रकरण दर्ज किया गया था, जिसमें यांगचेन लाचुंगपा वांछित थी। प्रकरण की गंभीरता देखते हुए वन मुख्यालय ने इसे मप्र स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को विवेचना के लिए सौंपा गया था। एसटीएसएफ ने एक संगठित एवं अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश कर 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यांगचेन लाचुंगपा अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्करी गिरोह की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

## दिल्ली से अफताब आलम को आईपी का इंस्पेक्टर बनाकर भोपाल भेजा, संदेह होने पर पकड़कर पुलिस को सौंपा

# क्वालिटी इंस्पेक्शन ऑफ इंडिया में डायरेक्टर बनाने का झांसा देकर इंजीनियर से पंद्रह लाख रुपए की ठगी

पुलिस आरोपी के दो अन्य साथियों की तलाश के लिए जल्द ही दिल्ली जाएगी

एक आरोपी से पीड़ित की है पुरानी पहचान, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली के तीन जालसाजों ने मिसरोद की सागर कॉलोनी सलैया में रहने वाले कैमिकल इंजीनियर को 15 लाख रुपए का चूना लगा दिया। दरअसल, एक आरोपी उनका परिचित है। उसने कैमिकल इंजीनियर को क्वालिटी इंस्पेक्शन ऑफ इंडिया में डायरेक्टर बनाने का झांसा दिया था और अपने साथी से बात करा दी। साथी ने कहा कि मेरी दिल्ली मंत्रालय में अच्छी पकड़ है और वहां से आपका काम करा दूंगा।

जालसाजों ने वेरिफिकेशन के नाम पर अपने एक साथी को आईबी का इंस्पेक्टर बनाकर दिल्ली से इंजीनियर के घर भेज भी दिया, लेकिन जालसाजों से गलती यह हो गई कि वेरिफिकेशन करने पहुंचा जालसाज दिन में न पहुंचते ही रात में पहुंच गया। कैमिकल इंजीनियर के परिचित ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस आरोपी के दो अन्य साथियों की तलाश के लिए जल्द ही दिल्ली जाएगी। पुलिस के अनुसार आशीष कुलश्रेष्ठ (40) मकान नंबर-201, सागर कॉलोनी, सलैया, थाना मिसरोद में रहते हैं। उन्होंने कैमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री पास की है। इन दिनों वह प्राइवेट में क्वालिटी इंस्पेक्शन का काम करते हैं। आशीष कुलश्रेष्ठ ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि आमोद कुमार पाठक भी इसी फिल्ड से जुड़ा हुआ है। लिहाजा उनकी आमोद से पुरानी पहचान है। आमोद का गत दिनों आशीष के पास कॉल आया। आशीष ने कहा कि क्वालिटी इंस्पेक्शन ऑफ इंडिया में डायरेक्टर का पद खाली है। मेरा दोस्त नवीन सिंह की दिल्ली मंत्रालय में अच्छी पकड़ है। उससे बोलकर क्वालिटी इंस्पेक्शन ऑफ इंडिया में डायरेक्टर बनवा दूंगा। आमोद ने आशीष कुलश्रेष्ठ की बात नवीन से कराई। बाद में आमोद ने कहा कि तुम्हारा काम हो गया है। पंद्रह लाख रुपए की व्यवस्था कर लो।

### वेरिफिकेशन करने रात में पहुंचा जालसाज

आमोद और नवीन सिंह का साथी अफताब आलम गत 3 दिसंबर को भोपाल पहुंचा। इस समय आशीष कुलश्रेष्ठ गोवा में काम से गए थे। घर पर उनकी पत्नी थी। तीन दिसंबर की सुबह अफताब होटल में रुका और रात में आशीष कुलश्रेष्ठ के घर पहुंच गया। उस समय आशीष की पत्नी घर पर थी। आशीष की पत्नी को अफताब आलम ने कहा कि वह आईबी में इंस्पेक्टर है और वेरिफिकेशन के लिए दिल्ली से आया है। उसने अपना नाम राजेश कुमार बताया था।

आशीष कुलश्रेष्ठ ने दिल्ली आईबी में अपने परिचित को कॉल कर पूछा कि कोई राजेश कुमार नाम का इंस्पेक्टर आईबी में है क्या? इस दौरान पता चला कि राजेश कुमार नाम का कोई भी इंस्पेक्टर नहीं है। आशीष को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हो गया। वह गोवा में थे और उन्होंने अपने दोस्तों को घर भेजा। दोस्त उनके घर पहुंचे और अफताब को लेकर थाने गए। वहां पुलिस की पूछताछ में पूरी जालसाजी का खुलासा हो गया। पुलिस ने अफताब को गिरफ्तार कर लिया है। आमोद कुमार पाठक और नवीन की तलाश के लिए पुलिस की टीम दिल्ली जाएगी।



### भारी मुखौटों के साथ झारखंड का छऊ नृत्य रहा प्रथम, हरियाणा का घूमर रहा द्वितीय

# 19 राज्यों के लगभग 400 बाल कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा राष्ट्रीय बालरंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग मप्र के सहयोग से राष्ट्रीय बालरंग- 2025 का आयोजन शुक्रवार को देशव्यापी एकता की भावना के साथ किया गया। इस राष्ट्रीय आयोजन में बच्चों की अद्भुत कला क्षमता, सृजनात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संपन्नता के प्रदर्शन ने दर्शकों को बांधे रखा। इस कार्यक्रम में देश के 19 राज्यों से लगभग 400 बाल कलाकारों ने विभिन्न लोक-नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से 1500 से अधिक बच्चों ने साक्षी के रूप में सहभागिता कर इस आयोजन को अत्यधिक प्रभावशाली बनाया। जिसमें प्रथम स्थान पर छऊ नृत्य के साथ झारखंड और हरियाणा का घूमर को द्वितीय स्थान मिला वहीं असम के बिहू नृत्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### टीम- झारखंड

**नृत्य - छऊ, बंजारा और अन्य**
**स्थान- प्रथम**

झारखंड के समूह द्वारा अपने पारंपरिक लोक नृत्य छऊ की प्रस्तुति प्रथम स्थान पर रही, विशाल मुखौटे और हेवी ड्रेस में किए गए छऊ की प्रस्तुति के बाद कलाकारों ने बंजारा नृत्य की भी प्रस्तुति दी। जिसमें खानाबदोश जीवन की जीवनशैली के उत्सव के रूप में इस नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी।

### टीम- पानीपत हरियाणा...

**नृत्य - घूमर**
**स्थान- द्वितीय**

वहीं पाड़न लगीं फुहार के रिमझिम..... बोलों पर हरियाणा समूह द्वारा घूमर नृत्य की प्रस्तुति द्वितीय स्थान पर रही, हरियाणा की नोडल ऑफिसर रश्मि ने कहा कि हमारे इस गीत के लिए हमने रोजाना घंटों मेहनत की है, और प्रस्तुति का जोश ऐसा था कि कई बच्चों के पैरों में मोच भी आ गई।

### टीम- तेलांगना

#### नृत्य - बतुकम्मा, बोनालु और बंजारा की प्रस्तुति

तेलांगना के कलाकारों ने बतुकम्मा, बोनालु और बंजारा नृत्य की प्रस्तुति दी। कोरियोग्राफर रामू करथी ने बताया कि बतुकम्मा नारी सृजन और प्रकृति को श्रद्धांजलि के रूप में और बोनालु देवी महाकाली नृत्य स्वरूप है।

#### पुदुचेरीः आजादी की लड़ाई आंध्रप्रदेश का यति गुर्तु

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पुद्धुचेरी की आजादी की लड़ाई पर नृत्य, आंध्रप्रदेश का यति गुर्तु, गोवा का दीप, झारखंड का छऊ, मप्र का अहीर, उप्र की ब्रज की होली, हरियाणा का घूमर, गुजरात का राठवा, चंडीगढ़ का भंगड़ा, पंजाब का मलवई, छग का करमा, लक्षद्वीप का कोलबली, दिल्ली का पूजा पुर्ग नाथा, हिप्र का नाटी, कर्नाटक का कामसाले पारंपरिक नृत्य, जम्मू कश्मीर का गीतड़ू, बिहार का छठ पर्व और असम का बिहू नृत्य शामिल रहे।



चंडीगढ़ का भंगड़ा नृत्य प्रस्तुत करता एक छात्र।


ब्रज की होली नृत्य प्रस्तुत करतीं उत्तरप्रदेश की छात्राएं।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य के विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम का चौथा संस्करण आज

**भोपाल।** विज्ञान शिक्षा को समावेशन, समता और नई दृष्टि से देखने के उद्देश्य से एकलव्य द्वारा शुरू की गई विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम लेक्चर सीरीज के चौथे संस्करण का आयोजन कल 6 दिसंबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे, रीजनल साइंस सेंटर में होगा। इस वर्ष के लेक्चर विज्ञान की दुनिया में एक न्यूरोसाइंटिस्ट का सफरः शोध की चुनौतियां और आगे की दिशाएं का प्रस्तुतिकरण अशोका यूनिवर्सिटी, दिल्ली के प्रोफेसर बिट्टू के. राजारामन द्वारा किया जाएगा।

### केजी चच्चा की याद में राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह 8 से

**भोपाल।** शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी स्व केजी त्रिवेदी की याद में त्रिकर्षि नाट्य संस्था अपना तृतीय वर्ष राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह 8 से 10 दिसंबर तक रवींद्र भवन सभागार में आयोजित करेगी। इस समारोह में 8 दिसंबर शाम रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा नवाजे जाएंगे, साथ ही मॉरिस लाजरस, राकेश नामदेव को रंग नेपथ्य से सम्मानित किया जाएगा। इसी शाम नाटक पुरुष का मंचन भी होगा। वहीं 9 को नाटक 'हाय मार डाला' एवं 10 दिसंबर को राजीव वर्मा के निर्देशन में नाटक 'कैक्टस फ्लावर' का मंचन किया जाएगा।

### आठवें हृदय दृश्यम समारोह का रवींद्र भवन में भव्य आगाज

# ये मोह-मोह के धागे से लेकर हमरी अटरिया तक गीतों से सजी सुरमई शाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

संगीत प्रेमियों के लिए शुक्रवार की शाम यादगार बन गई, जब प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर मधुवंती बागची ने रविंद्र भवन में आयोजित अपने लाइव म्यूज़िकल कंसर्ट हृदय दृश्यम में सुरों की ऐसी महफ़िल सजाई कि पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गूंज से भर उठा।अपने चिर-परिचित अंदाज में जब वे मंच पर पहुंची और सबसे पहले ईश्वर को स्मरण करते हुए आई गिरी नंदिनी....से मंगलारंभ किया। इसके बाद उन्होंने अपना सुप्रसिद्ध गीत शायद कभी ना कह सकूं.... सुनाया, अगला गीत रंजिश ही सही....प्रस्तुत कर सभागार में जादू बिखेर दिया।


मंच पर प्रस्तुति देतीं मधुवंती बागची।

### आवाज़ की मधुर लय ने बनाया सूफ़ियाना माहौल

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मधुवंती ने अपने दिलकश गीत ये मोह मोह के धागे, तेरी उंगलियों से जा उलझे से की। गीत की मधुरता और आवाज़ की मधुर लय ने माहौल को एकदम सूफ़ियाना बना दिया। दर्शक भावनाओं में डूबे, कई लोग अपने मोबाइल फ्लैशलाइट्स के साथ तालमेल में झूमते नज़र आए।

## बारिश-सी भीगी अनुभूति ने श्रोताओं को सुकून से भर दिया

सरोद वादन के माधुर्य, गंभीरता और रसानुभूति का अनुभव भी श्रोताओं ने प्राप्त किया। मंच पर उपस्थित सेनिया बंगश घराने के सुप्रसिद्ध युवा कलाकार अमान व अयान अली बंगश ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग देश से की जिसकी मध्यम-कोमल छाया और बारिश-सी भीगी अनुभूति ने श्रोताओं को सुकून से भर दिया।





# एम्स रेटीना 8.0 में जाकिर खान का चला जमकर जादू, ठहाकों से गूंजा एम्स परिसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

एम्स रेटीना 8.0 की खास शाम शुक्रवार को उस समय खिले हुए चेहरों और ठहाकों से भर उठी, जब मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान मंच पर पहुंचे। जैसे ही जाकिर ने अपनी सिग्नेचर लाइन 'देसी लड़कों का राष्ट्रपति' के अंदाज में दर्शकों से संवाद शुरू किया, पूरा ऑडिटोरियम तालियों और हंसी से गूंज उठा। स्टूडेंट्स और फैन्स की भारी भीड़ जाकिर को देखने को बेताब थी। उनके मंच पर आते ही माहौल में उत्साह बढ़ गया और दर्शक सीटियों, तालियों और शोर से अपनी खुशी जाहिर करते नजर आए।

### कॉलेज लाइफ, रिश्ते और देसी किस्सों पर जमकर हंसे लोग

कार्यक्रम में जाकिर खान ने अपने लोकप्रिय थीम्स कॉलेज लाइफ, दोस्तों की नोकझोंक, रिश्तों में आने वाले मजेदार पल और मिडिल क्लास फैमिली के अनुभव पर आधारित चुटीले जोक्स सुनाकर दर्शकों को खूब गुदगुदाया और साथ ही हर एक जोक के साथ जाकिर की पंच लाइन ने तो दर्शकों को हंसी के ठहाके लगाने पर मजबूर किया। जाकिर के हर एक पंच के बाद परिसर में ठहाकों की गूंज सुनाई दी। स्टूडेंट्स ने कई बार शो को रोककर सीटियों, तालियों और जोरदार चीयर्स से जाकिर का उत्साह बढ़ाया।

### जाकिर खान लाइवः रेटीना 8.0 की शाम जाकिर ठहाकों के नाम...


रेटिना 8 .0 में प्रस्तुति देते स्टैंडअप कॉमेडियन जाकिर खान।

### स्टूडेंट्स से सीधा संवाद लाइव शो बना और खास

कॉन्सर्ट के दौरान जाकिर ने कई बार दर्शकों से बातचीत की और उनके सवालों पर मजेदार रिएक्शन देते हुए माहौल को और हल्का-फुल्का बना दिया। उनके अंदाज, बॉडी लैंग्वेज और देसी ह्यूमर ने हर किसी को अपनी तरफ खींच लिया।

### यादगार बनी रेटीना 8.0 की कॉमेडी नाइट

करीब सवा घंटे के लाइव शो ने स्टूडेंट्स और फैन्स को हंसी, मजा और यादों से भर दिया। जाकिर ने अपने फेमस सेगमेंट्स और शायरी से भी दर्शकों को जोड़कर रखा। जाकिर का यह कंसर्ट रेटीना 8.0 की सबसे यादगार रातों में से एक रहा, जिसने सांस्कृतिक हिस्से को और भी समृद्ध बनाया।

# बंगाल से भोपाल तक लोक संगीत की विरासत पर एक संवाद

### विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप के सतत कला-विमर्श श्रृंखला थ्योरिक्स के 22वें संस्करण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स, ने अपनी सतत कला-विमर्श श्रृंखला थ्योरिक्स के 22वें सत्र का आयोजन शुक्रवार को आरुषि परिसर में किया। इस सत्र में बाउल और बंगाल के लोक संगीत पर केंद्रित एक विशिष्ट प्रस्तुति और वार्ता का आयोजन किया गया, जिसने शहर के कला-प्रेमियों को बंगाल की जीवंत सांस्कृतिक परंपरा से रूबरू कराया।

सत्र का नेतृत्व किया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित दोतारा वादक सुभब्रत सेन ने। उनके साथ शांति निकेतन की लोकगायिका ऋतुपर्णा बनर्जी और युवा तालवादक दिपांजन कांजी मंच पर उपस्थित रहे। तीनों कलाकारों ने मिलकर ऐसी प्रस्तुतियां दीं, जो बंगाल की सूफियाना, सहजिया और लोक-आध्यात्मिक परंपराओं को स्वाभाविक रूप से सामने लाती हैं। कार्यक्रम में सुभब्रत सेन ने दोतारियन के माध्यम से पिछले नौ वर्षों के अपने शोध, दोतारा वाद्य के आधुनिक डिजाइन-विकास और भारत एवं विदेशों में अपने संगीत-सहयोगों पर भी विचार साझा किए।





# मिथिला के समकालीन कलाकार नरेश पासवान का सूक्ष्म रेखांकन

### अलायंस फ्रांसेस में लाइन्स ऑफ डिवोशन प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अलायंस फ्रांसेस में शुक्रवार को मिथिला के समकालीन कलाकार नरेश पासवान की सोलो एग्जिबिशन लाइन्स ऑफ डिवोशनः द आर्ट ऑफ नरेश का शुभारंभ हुआ। 8 दिसंबर तक आयोजित इस प्रदर्शनी में कला-प्रेमियों को कलाकार की दूरदर्शी, सूक्ष्म और अनुशासित रेखांकन-शैली वाले कार्यों को नजदीक से देखने का मौका मिला।

मधुबनी आर्ट फार्म में बने हिंदू महाकाव्यों के प्रसंग, देवी-देवताओं के सशक्त चित्रण और मिथिला के दलित समुदायों से जुड़े विशिष्ट मिथकों का अनूठा संगम देखने को मिला।




### एमसीयू में कार्टून शो, प्रदर्शनी और लाइव डिमोस्ट्रेशन

# सोशल मीडिया पर लोगों की पहली पसंद बने कार्टून, बड़ी तादाद में लोग करते उन्हें फॉलो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अखबार का धड़कता हुआ दिल पन्नों पर दिखने वाली छोटी सी काठी नहीं, बल्कि वह तेज, तीक्ष्ण और कभी-कभी दर्दनाक दृष्टि है जो हंसी के बहाने समाज को आईने में दिखाती है। राजधानी के इस अनूठे कार्टून कार्यक्रम में पेंसिलों ने शब्दों से भी ज्यादा कुछ कह दिया। लाइव स्केचिंग, प्रदर्शनी और चर्चाओं ने यह प्रमाणित किया कि कार्टून केवल चुटकला नहीं, सोचने का माध्यम भी है।

मंच पर हर रेखा में सवाल थे और हर हंसी के पीछे एक गहरी सीख नजर आ रही थी। यह नजारा था शुक्रवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि में आयोजित कार्टून शो, प्रदर्शनी और लाइव डिमॉन्सट्रेशन का। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट हरिओम तिवारी ने कहा कि कार्टून में ह्यूमर और व्यंग्य दोनों ही होते हैं। आज कार्टून सोशल मीडिया पर भी पसंद किए जा रहे हैं और बहुत बड़ी तादाद में लोग उन्हें फालो करते हैं। इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवित्र श्रीवास्तव ने किया।


हरिओम तिवारी



इस्माइल लहरी

## सोशल मीडिया जैसे नए माध्यमों में बदल गया है ह्यूमर का स्वरूप


कुमार इंदौर


त्र्यम्बक शर्मा

वहीं, वरिष्ठ कार्टूनविद त्र्यम्बक शर्मा ने कहा कि आज सोशल मीडिया जैसे नए माध्यमों में ह्यूमर का स्वरूप बदल गया है। हमारी सोच भी बदलती जा रही है। इन सब का असर स्वाभाविक तौर पर कार्टूनिंग की कला पर पड़ रहा है।

### कुलकर्णी ने बताया- कैसे करें विषयों का चयन



वहीं कार्यक्रम के अंतिम सत्र में कार्टून एप्रिशिएसन कार्यशाला में वरिष्ठ कार्टून कलाकार प्रशांत कुलकर्णी ने विविध विषयों पर कार्टून कैसे तैयार किए जा सकते हैं, कार्टून के लिए विषयों का चयन कैसे किया जाता है, जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कुलकर्णी ने फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी तथा भारत के कई मशहूर कार्टूनिस्ट के कार्टून बताए तथा उनके विषयों पर चर्चा की।


### भारतीय संस्कृति एवं धरोहर पर रखे विचार

# सैफिया लॉ कॉलेज में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आकाशवाणी के 90वें प्रसारण वर्ष के उपलक्ष्य में आकाशवाणी भोपाल द्वारा शुक्रवार को सैफिया लॉ कॉलेज में "भारतीय संस्कृति एवं धरोहर" विषय पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी अभिव्यक्ति और वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया।



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर'शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनाी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति



कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।

# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### खेल मंत्रालय ने किया पुणे के इन्फ्लूएंसर के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम फिट इंडिया ने अपनी 64 दिवसीय दौड़ के लिए अल्ट्रा-धावक और 'इन्फ्लूएंसर' आशीष कासोदकर की अगुवाई वाले पुणे स्थित सिंपल स्टेप्स फिटनेस के साथ गठजोड़ किया है। यह दौड़ 24 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश की डोंग घाटी से शुरू हुई, जहां भारत अपना पहला सूर्योदय देखता है। इसका समापन अगले साल गणतंत्र दिवस पर गुजरात के गुहार मोती में होगा, जो देश का आखिरी सूर्यास्त स्थल है। मंत्रालय के अनुसार, 'इस साझेदारी से फिटनेस को जीवनशैली बनाकर फिट इंडिया मिशन को मजबूत करने, देश भर में वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरुकता को प्रोत्साहित करने, समावेशी भागीदारी से मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने तथा स्वास्थ्य, आंदोलन और जागरूकता की स्थायी संस्कृति को प्रेरित करने की उम्मीद है।' कासोदकर को 60 दिनों में 60 मैराथन दौड़ने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और 555 किलोमीटर लंबी ला अल्ट्रा दौड़ दौड़ने के लिए जाना जाता है। वह अरुणाचल प्रदेश और असम से लेकर बिहार तक तथा उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और गुजरात तक कई राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। इस दौड़ के दौरान डॉन2डस्क का लक्ष्य ग्रो ट्री फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर 76,000 पेड़ लगाना और देश भर के नागरिकों का अपने-अपने स्थानों से सामूहिक रूप से 7,60,000 किलोमीटर दौड़ना और पैदल चलना है।

### मेस्सी के टूर के दौरान किया जाएगा मिनर्वा अकादमी को सम्मानित



**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में यूरोप में तीन खिताब जीतने वाली मिनर्वा अकादमी एफसी की युवा टीम को इस महीने के अंत में लियोनेल मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' के दिल्ली चरण के दौरान सम्मानित किया जाएगा। मिनर्वा की 22 खिलाड़ियों की अंडर 14-15 टीम ने इस साल जुलाई-अगस्त में यूरोप का दौरा किया और स्वीडन में गोथिया कप, डेनमार्क में डाना कप और नॉर्वे में नॉर्वे कप सहित तीन ट्रॉफियां जीतीं। दिल्ली में मेस्सी के प्रवास के दौरान इन युवा खिलाड़ियों को वैश्विक फुटबॉल दिग्गज की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में के साथ नौ-नौ खिलाड़ियों की दो टीमों के बीच एक मैच का आयोजन हो सकता है, जिसमें मेस्सी की भी भागीदारी हो सकती है। मिनर्वा अकादमी एफसी के मालिक और प्रबंधक रंजीत बजाज हैं, जो आई-लीग क्लब दिल्ली एफसी का भी संचालन करते हैं।

### हमारी बल्लेबाजी में संतुलन अच्छा : ब्रीट्जके

**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि भारत शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा लेकिन उन्हें इससे पार पाने के लिए अपनी संतुलित बल्लेबाजी पर भरोसा है। तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है और भारत को दक्षिण अफ्रीका से लगातार दूसरी श्रृंखला में पराजय से बचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले टेस्ट श्रृंखला में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। ब्रीट्जके ने कहा, 'हम जानते हैं कि हमें एक बहुत अच्छी टीम का सामना करना होगा। हमें पता है कि वह जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



# एशेज : 334 रन पर समाप्त हुई इंग्लैंड की पहली पारी, रूट 138 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के साथ ब्रिसबेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन के पहले सत्र में इंग्लैंड की पहली पारी 334 रन पर सिमट गई। जो रूट 138 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 9 विकेट पर 325 रन से की थी। 9 रन और जोड़ने के बाद जोफ्रा आर्चर के रूप में दसवां विकेट गिरा। आर्चर 38 रन बनाकर आउट हुए। रूट और आर्चर के बीच दसवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आर्चर ने 36 गेंद पर 2 छक्के और 2 चौके की मदद से 38 रन की पारी खेली।

### रूट और आर्चर के बीच 10वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी




### रूट का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पहला शतक

*मैच के पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। रूट का शतक पहले दिन का आकर्षण रहा था। रूट ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना पहला शतक और कुल 40वां टेस्ट शतक लगाया। वह 40 या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले सचिन, कैलिस और पोंटिंग के बाद चौथे बल्लेबाज बने। रूट 206 गेंद पर 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 138 रन बनाकर नाबाद रहे। रूट चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए क्रॉली के साथ 97 रन की और चौथे विकेट के लिए हैरी ब्रूक के साथ 54 रन की साझेदारी की। रूट के अलावा सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने 93 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। आर्चर तीसरे शीर्ष स्कोरर रहे। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज बेन डकेट, ओली पोप, जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स खाता नहीं खोल सके।*

### लाबुशेन ने बनाया नया कीर्तिमान
### डे-नाइट टेस्ट में पूरे किए 1 हजार रन



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। वह डे-नाइट टेस्ट मैचों में 1 हजार रन का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस उपलब्धि तक पहुंचने में मार्नस को सिर्फ 16 पारियां खेलनी पड़ीं, यानी कुल 10 टेस्ट मैच। 2019 से अब तक उन्होंने पिंक बॉल से चार शतक और चार अर्धशतक जड़े हैं। उनका औसत 66 से ऊपर रहा है. एशेज के दूसरे टेस्ट की बात करें तो लाबुशेन ने इस मैच में 85 गेंदों पर 61 रन ठोके। इस बैटर ने 5 चौके और 2 छक्के लगाए।

### विशाखापत्तनम में दोपहर 1.30 बजे से भारत-द.अफ्रीका के बीच कांटे की टक्कर

# निर्णायक भिड़ंत आज: रो-को से दमदार प्रदर्शन की आस, जायसवाल और बॉलर्स बन सकते हैं गेम चेंजर

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा।

इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे।



### अच्छे फार्म में कोहली और रोहित

कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था।

### एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल

एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

### वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया भारत

कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है, जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

प्लेयर ऑफ द मंथ

## सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शेफाली



एजेंसी ▶▶| दुबई

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों ने बैंकॉक में पहली आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

यूएई की कप्तान ओझा ने सात टी-20 मैचों में 137.50 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए और सात विकेट लिए। उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। पुथावोंग 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ फाइनल में चार विकेट लेकर थाईलैंड को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### हार्मर, ताइजुल इस्लाम और मोहम्मद नवाज को नामांकित

*पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर, बांग्लादेश के बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम और पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को नामांकित किया गया है। अब एक स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी और दुनिया भर के प्रशंसक विजेताओं का फैसला करेंगे। प्रशंसक आईसीसी की वेबसाइट पर मतदान कर सकते हैं।*

जीता खिताब

## स्क्वाश इंडियन टूर में चैंपियन बने सेंथिलकुमार और अनाहत




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता। महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी।

पिछले महीने डेली कॉलेज इंडियन ओपन के बाद अनाहत की यह चिनप्पा पर लगातार दूसरी जीत थी। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना और अभय सिंह अगले हफ्ते यहां शुरू होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अहलावत ने जीता जयपुर ओपन का खिताब

**जयपुर।** वीर अहलावत ने जयपुर ओपन के चौथे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर इस टूर्नामेंट के अपने न्यूनतम स्कोर की बराबरी करते हुए खिताब अपने नाम किया। अहलावत तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से पांच शॉट पीछे चौथे स्थान पर थे लेकिन उन्होंने आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन कर पासा पलट दिया। गुरुग्राम के इस गोल्फर ने दूसरे दौर में भी 62 का कार्ड खेला था। अहलावत (67-62-70-62) ने कोर्स रिकॉर्ड 19 अंडर 261 के स्कोर के साथ अपना पांचवां खिताब जीता। इस जीत से वह 15 लाख रुपए की विजेता राशि हासिल कर 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए। रामबाग गोल्फ क्लब में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड संजय कुमार के नाम था, जिन्होंने 2011 में पीजीटीआई स्पर्धा में में 16 अंडर 264 का स्कोर बनाया था।



### वाशिंगटन को गेंदबाजी ऑलराउंडर माना जाना चाहिए : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को वाशिंगटन सुंदर की टीम में भूमिका को स्पष्ट करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है तो यह ऑलराउंडर इसी गफलत में रहेगा कि आखिर उसकी भूमिका क्या है। अश्विन ने कहा कि वाशिंगटन को गेंदबाजी ऑलराउंडर माना जाना चाहिए और उन्हें पूरे ओवर दिए जाने चाहिए, जिससे बल्लेबाजी में भी उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में केवल सात ओवर फेंके और अभी तक उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है। अश्विन ने कहा, 'एक बार जब आपने वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में रखने का फैसला कर लिया, तो आपको उनकी भूमिका एक गेंदबाज के रूप में देखनी होगी, जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। आपको उन्हें उनके कोटे के सारे ओवर करवाने होंगे।' उन्होंने कहा, 'लगातार गेंदबाजी करने पर ही उनकी (वाशिंगटन) मानसिकता एक ऐसे गेंदबाज की होगी, जो बल्लेबाजी भी कर सकता है।



# आईएल टी20 : निसांका ने खेली 81 रन की तूफानी पारी, मुंबई इंडियंस की टीम को रौंदा

### गल्फ जायंट्स ने एमआई अमीरात को छह विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के जारी सीजन में गल्फ जायंट्स ने मुंबई इंडियंस की फ्रेंचाइजी एमआई अमीरात को छह विकेट से बुरी तरह हराया।

आईपीएल 2025 सीजन की नीलामी में 75 लाख के बेस प्राइस वाले पथुम निसांका को किसी टीम ने नहीं खरीदा था। अब उसी बैटर ने कायरन पोलार्ड की कप्तानी वाली एमआई अमीरात के खिलाफ 42 गेंदों में 81 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे गल्फ जायंट्स ने 164 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।



### निसांका के धमाके से जीती गल्फ

164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गल्फ जायंट्स की तरफ से श्रीलंका के पथुम निसांका ओपनिंग के लिए आए। दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे, लेकिन निसांका ने 42 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों के साथ 81 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, 16 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों से 39 रन की नाबाद पारी अजमतुल्लाह उमरजई ने खेली। इन दोनों की मदद से गल्फ जायंट्स ने 14.4 ओवर में ही चार विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसके साथ ही एमआई को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

### न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज , होप-ग्रीव्स के बीच 140 रन की साझेदारी

# होप ने जड़ा शतक, वेस्टइंडीज जीत से अब भी 319 रन दूर

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

शाई होप ने अपना चौथा टेस्ट शतक जड़ा और जस्टिन ग्रीव्स के साथ 140 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने 531 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 212 रन बनाकर अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 72 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद होप और ग्रीव्स ने टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय होप 116 रन और ग्रीव्स 55 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज अभी न्यूजीलैंड से 319 रन पीछे है।



### न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 466 रन पर की घोषित

न्यूजीलैंड ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित की थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 167 रन पर आउट हो गई थी। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर चार विकेट पर 417 रन पर समाप्त घोषित करने के बजाय खेलना जारी रखा। उसने आखिर में तब पारी समाप्त घोषित की जब उसका कोई फिट बल्लेबाज नहीं बचा था। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर पाए। मैट हेनरी ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 11 ओवर गेंदबाजी की और उसके बाद उन्हें पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और वह स्कैन के लिए अस्पताल चले गए। हेनरी और स्मिथ के बाहर होने के कारण जैकब डफी और जैक फाउलकेस ही न्यूजीलैंड के फिट तेज गेंदबाज रह गए।




आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी में नोडल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# ओरिएंटल ने सिस्टेक को 1-0 से हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा


विजयी मुद्रा में ओरिएंटल की टीम।


मैदान में किक मारते हुए ओरिएंटल का खिलाड़ी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी में आरजीपीवी नोडल लेवेल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आईईएस कैम्पस के फुटबॉल ग्राउंड पर किया गया। आईईएस मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में आईईएस कॉलेज सहित एलएनसीटी, एसआईआरटी, एसएटीआई विदिशा, सिस्टेक आरजीपीवी, बंसल आदि 16 कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया।

टूर्नामेंट के सभी लीग मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल एवं फाइनल के मुकाबले खेले गए, जिसमें पहला सेमी फाइनल आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी एवं ओरिएंटल कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें पेनलिटी शूट के तहत ओरिएंटल 0(4) - 0(5) से विजयी रहा। वहीं, दूसरा दूसरा सेमीफ़ाइनल सिस्टेक रातीबढ़ और सिस्टेक गांधीनगर के बीच खेला गया, जिसमें पेनलिटी शूट के तहत सिस्टेक गांधीनगर के पक्ष में 0(4)- 0(2) से जीता। वहीं फाइनल मुकाबला सिस्टेक गांधीनगर और ओरिएंटल कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें ओरिएंटल ने सिस्टेक को 1-0 से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ डॉ. केटी चतुर्वेदी डीन स्टूडेंट वेलफेयर, आरजीपीवी एवं देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। उन्होने टूर्नामेंट के विजेता, उपविजेता, बेस्टगोल कीपर, बेस्ट डेफेंडर को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया।

परमानंद भाई पटेल अंडर-22 ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट

# भोपाल संभाग ने सागर डिवीजन को फॉलोआन खेलने पर किया मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी (चार दिवसीय) अंडर- 22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में फेथ क्रिकेट मैदान पर सागर डिवीजन और भोपाल डिविजन के मध्य चार दिवसीय मैच के तीसरे दिन सागर डिवीजन ने कल के स्कोर 2/142 से आगे खेलते हुए 106.3 ओवरों में 329 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें सेहजदीप सिंह नें 127 रन की शतकीय पारी खेली और अक्षत रघुवंशी नें 34 रन बनाए। भोपाल डिवीज़न से तनिष्क यादव नें 5 और शिवांश चतुर्वेदी नें 3 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीज़न ने पहली पारी में 228 रनो की बढ़त लेकर सागर डिवीज़न को फॉलोआन खिलाया। सागर डिवीज़न ने दिन का खेल खत्म होने तक 24 ओवर में 2 विकेट पर 73 रन बना लिए हैं, जिसमें सेहजदीप सिंह 43 और अक्षत रघुवंशी 11 रन पर खेल रहे हैं। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी करते हुए अनिमेष सिंह और तनिष्क यादव ने 1-1 विकेट लिए। कल मैच का चौथा व अंतिम दिन है।


तनिष्क यादव 5+1=6 विकेट

### अंडर-18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी स्व. जीएस पठानिया 'सर' क्रिकेट टूर्नामेंट

## संजय गुप्ता और सिली पॉइंट अकादमी की जीत

**भोपाल।** स्वर्गीय जीएस.पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट शुक्रवार को ओल्ड कैंपियन मैदान पर सिली पॉइंट अकादमी और यंगस्टर अकादमी के मध्य खेला गया। सिली पॉइंट अकादमी ने 49.2 ओवर में 9 विकेट पर 190 रन बनाए, जिसमे युग रघुवंशी ने 67 और अनिकेत जैन ने 52 रन बनाए। यंगस्टर से विनायक नेमा ने 4, ऋषभ ने 3 विकेट और राज ने 2 विकेट लिए। जवाब में यंगस्टर की टीम 46.1 ओवर में 163 रन ही बना सकी, जिसमें विनायक नेमा नें 39, नैतिक मारण नें 30 रन बनाए। सिली पॉइंट से अनिकेत जैन नें 4 और अंकित जाधव ने 3 विकेट लिए।इस तरह सिली पॉइंट ने यंगस्टर अकादमी को 27 रन से हराया।


अनिकेत जैन 52 रन और 4 विकेट (सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी)

## संजय गुप्ता अकादमी ने क्रिक किंगडम को 127 रन से हराया

अंडर 18 टूर्नामेंट का दूसरा मैच ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट मैदान पर क्रिक किंगडम क्रिकेट अकादमी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। संजय गुप्ता की टीम ने तय 50 ओवर में 8 विकेट पर 263 रन बनाए, जिसमें श्रेयांश सियोंते ने 131 रनों की शतकीय पारी खेली और शिवांक त्रिपाठी ने 59 रन बनाए। क्रिक किंगडम से अनिरुद्ध ने 3, आदित्य नें 2 और अमर, कुमार और दीर्घ श्रीवास्तव ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में क्रिक किंगडम ने 38.5 ओवर में 136 रन ही बना सकी, जिसमें दीर्घ श्रीवास्तव ने 70 रनों की पारी खेली और आदित्य मालवीय ने 27 रन बनाए। संजय गुप्ता अकादमी से विश्वजीत शाक्य ने 6 और शिवांक अरनव और अनंत ने 1-1 विकेट लिए। इस तरह संजय गुप्ता अकादमी नें क्रिक किंगडम अकादमी को 127 रन से हराया।

## बाबे अली मैदान पर कैप और उड़ान अकादमी के बीच दो दिनी मैच शुरू

अंडर-18 बॉयज में बाबे अली मैदान पर दो दिवसीय मैच कैप क्रिकेट अकादमी और उड़ान क्रिकेट अकादमी के बीच प्रारंभ हुआ। उड़ान की टीम 59.4 ओवर में 198 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें कनिष्क बनावडे ने 80 और मयंक रघुवंशी ने 62 रनों की पारी खेली। कैप के अभिषेक धनगर ने 5,योजित आर्य ने 3 और वेद वर्मा और राजवीर ठाकुर ने 1-1 विकेट लिया।

साई के एथलीटों का राजस्थान में शानदार प्रदर्शन

# जूडो और हॉकी में गोल्ड, कयाकिंग और कैनोइंग में हासिल किए 5 पदक


रितिक गोल्ड (जूडो)


रमनदीप गोल्ड (हॉकी)


कुलसुम (कयाकिंग)

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एसएआई एनसीओई के एथलीटों ने उदयपुर और जयपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूडो, कायकिंग एवं कैनोइंग तथा हॉकी में कई पदक जीते। जूडो में, रितिक कुमार ने (+100 किग्रा) भार वर्ग में स्वर्ण पदक, यश घांगस ने (+100 किग्रा) में रजत पदक, जबकि विष्णु शर्मा ने (–100 किग्रा) में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं कायकिंग और कैनोइंग में, कुलसुम ने पांच पदक जीते और लक्षवीर सिंह ने दो रजत पदक अपने नाम किए। हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिसमें गोलकीपर रमनदीप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान (आईटीएस) ने खिलाड़ियों को उनकी समर्पित प्रदर्शन और उत्कृष्टता के लिए बधाई दी।


यश (जूडो)


विष्णु (जूडो)



आयुष (जूडो)


लक्षवीर( केनोइंग)

## स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए एलएनसीटी समूह की 17 टीमों का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एलएनसीटी समूह के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित 17 टीमों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे संस्थान की नवाचार क्षमता और मजबूत तकनीकी आधार का सशक्त प्रमाण है। कार्यक्रम के स्पोक डॉ. विवेक रिछारिया ने बताया कि विगत वर्षों में एलएनसीटी समूह की 20 टीमों ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। एलएनसीटी ग्रुप लगातार राष्ट्रीय मंच पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध कर रहा है। नोडल सेंटर इंचार्ज डॉ. अनूप चतुर्वेदी ने कहा कि एलएनसीटी ग्रुप ने अपनी श्रेष्ठ संगठन क्षमता और अत्याधुनिक तकनीकी अवसंरचना के दम पर लगातार तीसरी बार ग्रैंड फिनाले के लिए नोडल सेंटर बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह राष्ट्रीय स्तरीय हैकथॉन 8 एवं 9 दिसंबर को एलएनसीटी परिसर में आयोजित होगा, जो 36 घंटे लगातार चलेगा। एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जे एन चौकसे ने सभी चयनित टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान

# एलएनसीटी विवि के अर्जुन बास्कले ने 1500 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा जयपुर (राजस्थान) में 1 से 4 दिसंबर तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के पांचवें संस्करण के अंतर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 1500 मीटर दौड़ में एलएनसीटी विश्वविद्यालय के छात्र अर्जुन बास्कले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अर्जुन इससे पूर्व भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित कर चुके हैं। साथ ही वर्ष 2023 में उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। अर्जुन की इस शानदार सफलता पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. अनुपम चौकसे, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एन.के. थापक, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. अशोक कुमार राय, स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज कुमार जैन, आईटी हेड आकाश दुबे, असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. रमेश शुक्ला, डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन डॉ. देव शर्मा, पी.एस. दारा सिंह, मुकेश त्रिपाठी एवं महेश सोधिया सहित समस्त अधिकारियों एवं शिक्षकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




## सेंट जोसेफ कॉन्वेंट का 42वां वार्षिक खेल दिवस समारोह आज

**भोपाल।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है ' उक्ति को चरितार्थ करते हुए सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल, ईदगाह हिल्स का 42वें वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन शनिवार 6 दिसंबर को किया जा रहा है। विद्यालय के खेल दिवस की रचना संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित थीम - विश्व शांति को ध्यान में रखकर की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर एनसीसी मप्र-छग एवं उप महानिदेशक निदेशालय रजनीश सिंह गौर रहेंगे। मार्च पास्ट के साथ एथलेटिक्स ईवेंट व पी टी डिस्प्ले मुख्य आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की 80 सदस्य छात्राओं के बैंड दल की प्रस्तुति व राष्ट्रीय गान के साथ होगा।

आरजीपीवी नोडल वेटलिफ्टिंग (पुरुष) टूर्नामेंट 2025-26

तात्या टोपे स्टेडियम में हुए मुकाबले

# एलएनसीटी के विशाल ने 88 किग्रा में स्वर्ण तो आकाश दत्त ने रजत पदक किया हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एलएनसीटी द्वारा आरजीपीवी के तत्वाधान मे टीटी नगर स्टेडियम में आरजीपीवी नोडल वेटलिफ्टिंग (पुरुष) टूर्नामेंट 2025-26 में विभिन्न वेट कैटेगरी के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। इस नोडल स्तरीय प्रतियोगिता में कई संस्थानों के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें 60 किग्रा वेट कैटेगरी में सिस्टेक गांधीनगर के सी. एच रोहित सिंघा स्वर्ण पदक, एलएनसीटी के सिद्धार्थ ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं 65 किग्रा वेट कैटेगरी में रूद्र शर्मा ओरियंटल स्वर्ण पदक, कौशल बर्मा सिस्टेक रातीबड़ ने रजत पदक प्राप्त किया। इधर, 71 किग्रा वेट कैटेगरी में ओरियंटल के अंश ने स्वर्ण पदक, एलएनसीटी के आदित्य जैन ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही 79 किग्रा वेट कैटेगरी में टीआईटी के कार्तिक राजपूत ने स्वर्ण, एलएनसीटी के श्रेष्ठ जैन ने रजत पदक प्राप्त किया। 88 किग्रा में एलएनसीटी के विशाल ने स्वर्ण, एलएनसीटीएस के आकाश दत्त ने रजत पदक प्राप्त किया। 94 किग्रा में टीआईटी के सुमित सोनी ने स्वर्ण, सिस्टेक रातीबड़ के शशि कुशवाहा ने रजत पदक प्राप्त किया।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

### चयनित 6 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिनिधित्व

पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, कान्हा त्यागी राष्ट्रीय खिलाड़ी, हिमांशु थापा, मुकेश त्रिपाठी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। स्पर्धा सचिव महेश सोधिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी 6 दिसंबर को आयोजित होने वाली आरजीपीवी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल नोडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930